संस्थापक- संपादक
स्व. आर. एस. शुक्ला

e-paper
dainandini.in

दैनिक दैनन्दिनी

■ वर्ष -17 ■ अंक-138 ■ रायपुर, गुरुवार 15 अक्टूबर 2026 ■ रायपुर और बिलासपुर से एक साथ प्रकाशित ■ CHHHIN/2010/34274 पृष्ठ 8 ■ मूल्य-2.00 रुपये

आज का पंचांग



वारः गुरुवार
तिथिः आश्विन शुक्ल पंचमी
पक्षः आश्विन पक्ष
मासः आश्विन (शुक्ल पक्ष)
ऋतुः शरद ऋतु
विक्रम संवतः 2083
शक संवतः 1948
नक्षत्र : योग और करण
नक्षत्रः ज्येष्ठा पूर्ण रात्रि तक।
योगः सौभाग्य रात्रि 09:15 तक, तत्पश्चात शोभन।
करणः बव
चन्द्र राशिः वृश्चिक राशि में
सूर्य राशिः कन्या राशि में
पंचकः आज पंचक नहीं है।
अभिजीत मुहूर्तः दोपहर 12:01

27 को होगी साय कैबिनेट की बैठक

रायपुर। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में 27 अक्टूबर को साय कैबिनेट की अहम बैठक आयोजित की जाएगी। यह बैठक मंत्रालय महानदी भवन में होगी, जिसमें कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के साथ फैसले लिए जा सकते हैं। बैठक में धान खरीदी को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा होने की संभावना है। धान खरीदी का सीजन नजदीक आने के साथ ही किसानों और कृषि से जुड़े मुद्दे अहम हो गए हैं। ऐसे में कैबिनेट की इस बैठक पर किसानों सहित प्रदेशभर की नजरें टिकी रहेंगी।

छत्तीसगढ़ में पहली बार होगा अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेट मैच, मुख्यमंत्री ने जताई प्रसन्नता

प्रदेश की खेल यात्रा में महत्वपूर्ण उपलब्धि : सीएम साय

रायपुर ■ दैनन्दिनी

छत्तीसगढ़ के खेल इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। प्रदेश में पहली बार अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेट मैच का आयोजन होने जा रहा है। भारत और जिम्बाब्वे की महिला क्रिकेट टीमों के बीच आयोजित होने वाले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले को लेकर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे प्रदेश के लिए गौरवपूर्ण अवसर बताया है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से आज महानदी मंत्रालय भवन में छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों ने सौजन्य मुलाकात की और उन्हें भारत-जिम्बाब्वे महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने आमंत्रण स्वीकार करते हुए प्रदेश में पहली बार आयोजित होने जा रहे इस अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेट मुकाबले के लिए क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों को बधाई दी और सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पहली बार अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेट मैच का आयोजन होना प्रदेश की खेल यात्रा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। देश और दुनिया की श्रेष्ठ महिला क्रिकेट खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ की धरती पर खेलते देखना विशेष रूप से हमारी बेटियों और युवा महिला खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायी अनुभव होगा। ऐसे आयोजनों से उनमें यह विश्वास और मजबूत होगा कि



उचित अवसर, प्रशिक्षण और प्रोत्साहन मिलने पर वे भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सकती हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भारत-जिम्बाब्वे महिला टी-20 मुकाबले को लेकर प्रदेश की महिलाओं, युवाओं और खेलप्रेमियों में विशेष उत्साह रहेगा। उन्होंने इस ऐतिहासिक आयोजन में महिलाओं की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महिला दर्शकों के लिए प्रवेश निःशुल्क रखने का सुझाव दिया। मुख्यमंत्री के इस सुझाव पर छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों ने सहमति व्यक्त की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि खेलों में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है और हमारी बेटियां राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर देश का गौरव बढ़ा रही हैं। ऐसे में महिला खिलाड़ियों के मुकाबलों को देखने के लिए अधिक से अधिक महिलाओं और बालिकाओं को स्टेडियम तक लाना स्वयं में प्रेरणा का माध्यम बनेगा। जब हमारी बेटियां अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को मैदान पर आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धा के साथ खेलते देखेंगी, तो उनमें भी खेलों को अपने भविष्य और करियर के रूप में अपनाने का उत्साह बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार छत्तीसगढ़ में खेलों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। हमारा लक्ष्य केवल अच्छे खिलाड़ी तैयार करना ही नहीं, बल्कि प्रदेश में ऐसी मजबूत खेल संस्कृति विकसित करना है, जिसमें बच्चों और युवाओं को खेलों से जुड़ने के लिए परिवार और समाज से भी प्रोत्साहन मिले। बड़े राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों की मेजबानी इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

मेरठ नीला ड्रम हत्याकांड मामले में कोर्ट का फैसला-
आरोपी मुस्कान और साहिल को फांसी की सजा

मेरठ ■ एजेंसी

उत्तर प्रदेश के चर्चित नीला ड्रम हत्याकांड में आज, 14 अक्टूबर 2026 को जिला अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। करीब 13 महीने तक चली बहस, 127 तारीखें और 22 से अधिक गवाहों के बयान के बाद आज कोर्ट ने फैसले का ऐलान किया। जिला कोर्ट ने दोनों आरोपियों मुस्कान रस्तोगी और साहिल शुक्ला को फांसी की सजा सुनाई है। मर्चेंट नेवी के पूर्व कर्मचारी सौरभ राजपूत की हत्या के मामले में उनकी पत्नी



मुस्कान रस्तोगी और साहिल शुक्ला को अदालत पहले ही दोषी करार दे चुकी थी। अब दोनों के लिए अदालत ने अपना फैसला सुना दिया है। मेरठ के चौधरी चरण सिंह कारागार में दोनों बंद हैं। सजा सुनाए जाने से पहले बुधवार सुबह अदालत ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए दोनों दोषियों से सवाल किए। जज ने उनसे पूछा कि क्या वे कुछ कहना चाहते हैं। इस पर दोनों ने कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया। मेरठ में मार्च 2025 में सौरभ राजपूत की हत्या के मामले ने पूरे देश को झकझोर दिया था। इस मामले में सौरभ की पत्नी मुस्कान रस्तोगी और उसके प्रेमी साहिल शुक्ला को आरोपी बनाया गया था। आरोप था कि दोनों ने मिलकर सौरभ की हत्या की, फिर शव के टुकड़े करके उन्हें नीले ड्रम में रखा और सीमेंट से बंद कर दिया। सौरभ विदेश में रहता था और छुट्टी लेकर अपनी पत्नी मुस्कान और बेटी का जन्मदिन मनाने भारत आया था। इसी दौरान उसकी हत्या कर दी गई थी।

गंगा में समा गईं मासूम जिंदगियां
राघोपुर नाव हादसे में 13 की मौत

पटना ■ एजेंसी

बिहार के वैशाली जिले के राघोपुर में गंगा नदी की लहरों में एक नाव पलट गई। मंगलवार की रात हुए दर्दनाक नाव हादसे में मरनेवालों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है। जिलाधिकारी ने मृतकों की संख्या की पुष्टि की है। वहीं, हादसे में घायल सात लोगों का इलाज पटना के नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है। गंगा नदी में लापता लोगों की तलाश के लिए लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। मृतकों में ज्यादातर 15 साल से कम उम्र के स्कूली छात्र बताए जा रहे हैं, जो पांचवीं से नौवीं कक्षा तक में पढ़ते थे। हादसे के बाद गांव में मातम पसरा है। यह दर्दनाक हादसा राघोपुर के रामपुर गांव के पास हुआ। शुरुआती जानकारी के अनुसार, नाव पर सवार लोग श्राद्ध



भोज में शामिल होने के लिए नदी पार कर रहे थे। नाव पर लगभग 30 की संख्या में लोग जा रहे थे। उसी दौरान यह हादसा हुआ। नाव पर सवार अधिकांश की उम्र 15 साल से कम थी। सभी पांचवीं से 9 वीं क्लास में पढ़नेवाले छात्र थे। नदी पार करने के दौरान गंगा की लहरों में नाव हादसे का शिकार हो गई।

अजगर में कैंसर का ऑपरेशन: साढ़े तीन घंटे चली सर्जरी, मुंह से निकाली गांठ



सरगुजा ■ एजेंसी

वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मामला सामने आया है। इंडियन रॉक पाइथन (अजगर) के मुंह में बनी असामान्य गांठ का सर्जरी के माध्यम से उपचार किया गया। अंबिकापुर के वन्यजीव रेस्क्यूकर्ता सत्यम द्विवेदी की पहल पर अजगर को उपचार के लिए बिलासपुर स्थित कानन पेंडारी ले जाया गया। यहां विशेषज्ञों की मदद से उसकी सर्जरी की गई। जानकारी के अनुसार, सत्यम द्विवेदी ने रेस्क्यू के दौरान अजगर के मुंह में असामान्य सूजन देखी। शुरुआत में उन्हें लगा कि संभवतः अजगर ने कोई शिकार निगल लिया है, जिसके कारण उसका मुंह फूला हुआ दिखाई दे रहा है। हालांकि, स्थिति सामान्य नहीं लगने पर उन्होंने ट्यूमर की आशंका जताई। इसके बाद वन विभाग, सरगुजा से आवश्यक अनुमति प्राप्त कर अजगर को बेहतर उपचार के लिए बिलासपुर ले जाया गया। कानन पेंडारी में वन्यजीव विशेषज्ञ एवं उप संचालक डॉ. चंदन ने अजगर की स्थिति का आकलन किया और बेहतर उपचार के लिए उसे डॉ. पियूष दुबे के पास भेजा। डॉ. पियूष दुबे, जो पेट मेडिक्स के संचालक हैं, ने आधुनिक चिकित्सा उपकरणों और अपने अनुभव की मदद से अजगर की सर्जरी की। लगभग साढ़े तीन घंटे तक चले ऑपरेशन में उसके मुंह के अंदर बनी गांठ को सर्जरी के माध्यम से निकाल दिया गया। ऑपरेशन के दौरान अजगर की स्थिति काफी गंभीर बताई गई। सर्जरी के बाद उसे ड्रिप और आवश्यक चिकित्सकीय सहायता दी गई। चिकित्सकों के अथक प्रयासों से उसकी जान बचाने की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता मिली। अब उसके पूर्ण स्वास्थ्य लाभ के लिए निरंतर देखरेख आवश्यक है। इस मामले को सरीसृपों की चिकित्सा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। यदि उपलब्ध वैज्ञानिक अभिलेखों और संबंधित विशेषज्ञों से पुष्टि होती है कि यह देश में अपनी तरह का पहला मामला है, तो यह वन्यजीव चिकित्सा के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उपलब्धि साबित हो सकती है।



पुलिस कांस्टेबल की संदिग्ध मौत, चबूतरे पर मिली लाश

महासमुंद. छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले के बागबाहरा में पौनी पसारी चबूतरे पर आरक्षक कृष्णा पटेल का शव मिला है. वह कोतवाली थाना में आरक्षक के पद पर पदस्थ था. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी. फिलहाल आरक्षक की मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है. पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है. मामला बागबहारा थाना इलाके का है.जानकारी के मुताबिक, बागबाहरा थाना क्षेत्र में नगरपालिका द्वारा निर्मित पौनी पसारी चबूतरे के पास बुधवार सुबह आरक्षक कृष्णा पटेल का शव मिला. स्थानीय लोगों ने जब शव को देखा, तब पुलिस को सूचना दी गई. पुलिस ने मामले की पड़ताल के लिए फोरेंसिक टीम की मदद ली. पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. पुलिस घटनास्थल से जुड़े साक्ष्यों और अन्य परिस्थितियों की जांच कर रही है. जांच में घटनास्थल के आसपास लगे CCTV कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं.

दृश्यम 3 से अजय देवगन ने रचा इतिहास, 3 दशक से लंबे करियर में दर्ज की पहली 500 करोड़ी फिल्म

मुंबई (एजेंसी)। बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की अपराध और रहस्य पर आधारित फिल्म दृश्यम 3 ने बॉक्स ऑफिस पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। फिल्म ने रिलीज के 11 दिनों के भीतर दुनियाभर में 500 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है। अजय देवगन के तीन दशक से अधिक लंबे फिल्मी करियर में यह पहली फिल्म है, जिसने वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। फिल्म 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।

फिल्म के निर्माताओं ने इसकी कमाई के आधिकारिक आंकड़े साझा करते हुए बताया कि दृश्यम 3 ने दुनियाभर में कुल 500 करोड़ रुपये की सकल कमाई की है, जबकि भारत में इसका शुद्ध कारोबार 300 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। इस उपलब्धि के साथ फिल्म वर्ष 2026 की सर्वाधिक कमाई करने वाली फिल्मों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है।

दृश्यम 3 ने पहले दिन 62 करोड़ रुपये की कमाई के साथ शानदार शुरुआत की थी। हालांकि, दूसरे सप्ताह में फिल्म की दैनिक कमाई में गिरावट दर्ज की गई। रिलीज के 11वें दिन, यानी दूसरे सोमवार को, फिल्म ने 6.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया। इसके मुकाबले पहले सोमवार को फिल्म की कमाई 21 करोड़ रुपये रही थी।



रिलीज के 12वें दिन, दूसरे मंगलवार को दोपहर के भोजन के समय तक फिल्म ने 1.14 करोड़ रुपये कमाए थे। यह आंकड़ा दिन का शुरुआती कारोबार है, इसलिए इसे पूरे दिन की कमाई नहीं माना जा सकता। इसके बावजूद दुनियाभर में 500 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करना फिल्म के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

अब तक उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2026 की सर्वाधिक कमाई करने वाली फिल्मों में धुरंधरः द रिवेंज सबसे आगे है। इसके बाद दृश्यम 3 का स्थान है।

500 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने के बाद 'दृश्यम 3 अजय देवगन के करियर की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। इससे पहले उनकी सर्वाधिक कमाई करने वाली फिल्मों में 'सिंघम अगेन, 'गोलमाल अगेन, 'तान्हाजी और 'दृश्यम 2शामिल थीं। वर्ष 1991 में फिल्म 'फूल और कांटे से अपने करियर की शुरुआत करने वाले अजय देवगन के लिए यह उपलब्धि खास है। इस फिल्म के साथ वह उन अभिनेताओं की सूची में शामिल हो गए हैं, जिनकी फिल्मों ने दुनियाभर में 500 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया है। इस सूची में शाहरुख खान, आमिर खान, सलमान खान, रणवीर सिंह, रणबीर कपूर और सनी देओल जैसे कलाकारों की फिल्में भी शामिल हैं।

दिए गए आंकड़ों के अनुसार, 'दृश्यम 3 भारतीय सिनेमा की उन फिल्मों में शामिल हो गई है, जिन्होंने वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। इसे इस उपलब्धि तक पहुंचने वाली भारतीय फिल्मों में 32वां स्थान और हिंदी सिनेमा की फिल्मों में 19वां स्थान मिलने का दावा किया गया है।

आयुष्मान खुराना और सारा अली खान की 'उड़ता तीर का दूसरा ट्रेलर जारी



मुंबई (एजेंसी)। अभिनेता आयुष्मान खुराना और सारा अली खान की आगामी फिल्म उड़ता तीर का दूसरा ट्रेलर जारी कर दिया गया है। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी यह फिल्म हास्य और जासूसी रोमांच से भरपूर है। फिल्म का निर्देशन आकाश ए. कौशिक ने किया है। इसमें राम कपूर, गुलशन ग्रोवर, संदीप आनंद और राहुल बोस भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

फिल्म पहले 9 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अजय देवगन की फिल्म 'दृश्यम 3 के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए निर्माताओं ने इसकी रिलीज की तारीख आगे बढ़ा दी। अब यह फिल्म 23 अक्टूबर, 2026 को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी।

उड़ता तीर का पहला ट्रेलर 23 सितंबर को जारी किया गया था। इसमें आयुष्मान खुराना के पाकिस्तानी जासूस के किरदार की झलक दिखाई गई थी। वहीं, दूसरे ट्रेलर में उनके किरदार के अनोखे कारनामों और कहानी के हास्यपूर्ण पहलुओं को सामने लाया गया है।

फिल्म की कहानी में आयुष्मान का किरदार भारत आने के बाद अपनी याददाश्त खो देता है। इसके बाद वह देशभक्ति का चोला ओढ़कर अपने ही देश के लोगों को मारने के इरादे से आगे बढ़ता दिखाई देता है। कहानी में जासूसी, हास्य और रोमांच का मेल देखने को मिलेगा।

फिल्म में दिवंगत अभिनेता मुकुल देव आतंकवादी की भूमिका में नजर आए हैं। उनके किरदार की झलक भी दूसरे ट्रेलर में दिखाई गई है। फिल्म में आयुष्मान और सारा की जोड़ी के साथ अन्य कलाकार भी कहानी को आगे बढ़ाते नजर आएंगे।

अब दर्शकों की नजर 23 अक्टूबर को होने वाली फिल्म की रिलीज पर है। हास्य और जासूसी रोमांच के मेल वाली इस फिल्म से निर्माताओं को बॉक्स ऑफिस पर अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है।

जेलर-2 की एडवांस बुकिंग में बंपर शुरुआत 20 लाख से ज्यादा टिकटों की हुई बिक्री

मुंबई (एजेंसी)। तमिल सिनेमा के अभिनेता रजनीकांत की जेलर 2 इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। 2023 में इसका पहला भाग जेलर आया था, जिसने बॉक्स ऑफिस पर 600 करोड़ रुपये से ज्यादा कारोबार किया था। अब दूसरी कड़ी दर्शकों के बीच आने के लिए तैयार है, जिसके लिए एक दिन पहले ही एडवांस बुकिंग शुरू हुई। फिल्म के प्री-सेल्स के नतीजों को देखकर उम्मीद की जा रही है कि यह ओपनिंग डे पर धमाल मचा देगी। सैकनिल्क के मुताबिक, जेलर 2 ने फिल्म के लिए अब तक 20 लाख से ज्यादा टिकटों की बिक्री कर ली है।




पहले ही दिन 10 लाख टिकट बिके, जिससे रजनीकांत अभिनीत फिल्म ने ओपनिंग डे के लिए अब तक 22.42 करोड़ रुपये का ग्रॉस कलेक्शन किया है। अगर कुल एडवांस बुकिंग की बात करें तो, जेलर 2 ने अब तक ब्लॉक सीटों के साथ 39.42 करोड़ रुपये और ब्लॉक सीटों के बिना 34.33 करोड़ रुपये का सकल कलेक्शन किया है। एडवांस बुकिंग में अब तक के जो आंकड़े सामने आए हैं, उनसे उम्मीद की जा रही है कि जेलर 2 अपने पहले विस्तारित वीकेंड में बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर जाएगी।

इसका निर्देशन नेल्सन दिलीपकुमार ने किया है, जो पहले भाग का निर्देशन भी कर चुके हैं। 15 अक्टूबर, 2026 को आ रही इस फिल्म में राम्या कृष्णन, एसजे सूर्या, विद्या बालन और मिथुन चक्रवर्ती हैं। मोहनलाल, शिव राजकुमार और जैकी श्रॉफ का कैमियो होगा।

शूटिंग के दौरान बाल-बाल बचे इमरान हाशमी, स्टंट के दौरान पलटी SUV

मुंबई (एजेंसी)। बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी अपनी आगामी फिल्म 'गनमास्टर जी9' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म की शूटिंग के दौरान एक खतरनाक स्टंट का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसे देखकर लोगों की चिंता बढ़ गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म के क्लाइमैक्स सीक्वेंस की शूटिंग के दौरान एक एसयूवी हवा में पलटकर नीचे खड़ी वैन पर जा गिरी। इस दौरान गाड़ी अभिनेता इमरान हाशमी के बेहद करीब पहुंच गई। सामने आए वीडियो में स्टंट के दौरान मौजूद क्रू मेंबर्स भी दिखाई दे रहे हैं। हालांकि इस घटना में किसी के घायल होने की खबर सामने नहीं आई है। फिल्म के मेकर्स ने अब तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि यह दृश्य योजना के मुताबिक फिल्माया जा रहा था या स्टंट के दौरान कोई गड़बड़ी हुई।



'गनमास्टर जी9' की शूटिंग से सामने आए इस वीडियो में एक एसयूवी को क्रेन की मदद से हवा में लटकाया गया है। स्टंट शुरू होने से पहले क्रू मेंबर्स काउंटडाउन करते नजर आते हैं। इसके बाद अचानक गाड़ी हवा में घूमती है और उलटकर नीचे खड़ी काले रंग की वैन की छत पर जा गिरती है। पूरा घटनाक्रम काफी जोखिम भरा दिखाई देता है। वीडियो के सामने आने के बाद यह दावा किया जा रहा है कि इस स्टंट के दौरान इमरान हाशमी बाल-बाल बच गए। गाड़ी जिस तरह से नीचे गिरती है, उससे हादसे की आशंका को लेकर चर्चा हो रही है। हालांकि, घटना के समय अभिनेता की सटीक स्थिति और स्टंट के दौरान वास्तव में क्या हुआ, इसकी स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है।

सेहत

किसी को अटैक आए तो अस्पताल जाने से पहले क्या करना चाहिए?

हार्ट अटैक के मामले लगातार देशभर में बढ़ते जा रहे हैं। इसकी वजह से हर साल लाखों लोगों की मौत होती है। लेकिन सही जानकारी होने की वजह मरीज की जान बचाई जा सकती है। ऐसे में डॉक्टर से जानिए हार्ट अटैक के कॉमन लक्षण क्या हैं और अस्पताल जाने से पहले क्या करना चाहिए।

हार्ट अटैक आज के समय में हेल्थ से जुड़ी बहुत कॉमन समस्या बन चुकी है। कम उम्र में ही लोग हार्ट अटैक का शिकार हो रहे हैं। न केवल यंगस्टर्स और बूढ़े बल्कि बच्चों की भी हार्ट अटैक से मौत हो रही है। आपको बता दें कि हर साल हार्ट अटैक से 28.6 लाख भारतीयों की जान चली जाती है। ऐसे में इससे बचने के लिए जरूरी है कि इसके कॉमन लक्षण को पहचानें और अस्पताल जाने से पहले घर पर ही कुछ जरूरी चीजें करनी चाहिए ताकि मरीज को बचाया जा सके। डॉ. हरनिश सिंह भाटिया, सीनियर कंसल्टेंट कार्डियोलॉजी, फोर्टिस, ग्रेटर नोएडा बता रहे हैं हार्ट अटैक के कॉमन लक्षण क्या है और अस्पताल जाने से पहले क्या करना चाहिए।



क्या कहते हैं डॉक्टर

हार्ट अटैक एक मेडिकल इमरजेंसी है, जिसमें हृदय की मांसपेशियों तक ब्लड पहुंचाने वाली कोरोनरी आर्टरी में अचानक रुकावट हो जाती है। ऐसे में समय बहुत महत्वपूर्ण होता है जितनी जल्दी इलाज मिले, हृदय की मांसपेशियों को उतना ही कम नुकसान होता है। अगर इसके सामान्य लक्षण की बात करें सीने में दर्द या दबाव है। मरीज को सीने में जकड़न, भारीपन, जलन या दबाव जैसा महसूस हो सकता है। यह दर्द अक्सर कुछ मिनटों से अधिक रहता है या आता-जाता रहता है और बाएं हाथ, दोनों हाथों, कंधे, पीठ, गर्दन या जबड़े तक फैल सकता है। इसके साथ ही सांस फूलना, ठंड लगना, पसीना, मितली या उल्टी, चक्कर, बहुत ज्यादा कमजोरी और बेचैनी भी हो सकती है। महिलाओं, बुजुर्गों और डायबिटीज के मरीजों में कभी-कभी सीने में दर्द के बजाय सिर्फ सांस फूलना, कमजोरी, अपच या असामान्य थकान जैसे लक्षण हो सकते हैं।

हॉस्पिटल जाने से पहले करें ये काम

अगर हार्ट अटैक का संदेह हो तो सबसे जरूरी है समय बर्बाद न करना। मरीज को तुरंत बैठाएं या आराम की स्थिति में रखें और एंबुलेंस/इमरजेंसी मेडिकल सहायता को कॉल करें। मरीज को खुद गाड़ी चलाकर अस्पताल नहीं जाना चाहिए। यदि मरीज होश में है, निगलने में सक्षम है और उसे एस्पिरिन से एलर्जी, सक्रिय रक्तस्राव या डॉक्टर द्वारा एस्पिरिन न लेने की स्पष्ट सलाह नहीं है, तो 150–325 mg एस्पिरिन चबाना मददगार साबित हो सकता है। सिर्फ गैस या एसिडिटी मानकर लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। खासकर यदि सीने में असामान्य दर्द हो, पसीना आए या सांस फूल रही हो। अगर मरीज बेहोश हो जाए और सामान्य रूप से सांस न ले रहा हो, तो तुरंत CPR शुरू करें और उपलब्ध हो तो AED का इस्तेमाल करें। **(एजेंसी)।**

टमाटर बनाम सेबः दोनों में से किसमें ज्यादा पोषण होता है?

सेब और टमाटर दोनों ही फल हैं, लेकिन इनकी बनावट, स्वाद और पोषण संबंधी लाभ एक-दूसरे से बिल्कुल अलग हैं। सेब मीठा और कुरकुरा होता है, जबकि टमाटर थोड़ा खट्टा और नरम होता है। आमतौर पर लोग सेब को कच्चा खाते हैं, जबकि टमाटर को पकाकर। ऐसे में सवाल उठता है कि इनमें से किसमें ज्यादा पोषण होता है। आइए जानते हैं कि इन दोनों का पोषण मूल्य और स्वास्थ्य लाभ क्या-क्या हैं और किसे ज्यादा खाना बेहतर है।

टमाटर में विटामिन-सी, पोटेशियम और लाइकोपीन की अच्छी खासी मात्रा होती है।

लाइकोपीन एक एंटी-ऑक्सीडेंट है, जो कैंसर से बचाने समेत शरीर में हानिकारक तत्वों को कम करने में मदद कर सकता है। टमाटर में मौजूद पोटेशियम उच्च रक्तचाप को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है। इसके अलावा टमाटर का सेवन शरीर की सूजन को कम करने, दिल के स्वास्थ्य में सुधार करने और पाचन को बेहतर रखने में भी मदद कर सकता है।

सेब के सेवन से मिलने वाले फायदे

सेब में विटामिन-सी, पोटेशियम, फाइबर और एंटी-ऑक्सीडेंट होते हैं। यह फल दिल की बीमारी, मधुमेह और कैंसर जैसी बीमारियों के जोखिम को कम करने में मदद कर सकता है।

इसके अलावा सेब का सेवन पाचन क्रिया को स्वस्थ रखने और वजन को नियंत्रित करने में भी सहायक हो सकता है।

साथ ही सेब का सेवन शरीर में सूजन को कम करने, हड्डियों को मजबूत बनाने, दांतों को स्वस्थ रखने और त्वचा को निखारने में मदद कर सकता है।

सेब और टमाटर को खाने का सही तरीका

टमाटर को कच्चा खाने से ज्यादा स्वास्थ्य लाभ नहीं मिल पाता है। इसलिए इसे सलाद या फिर सब्जी के तौर पर खाया जा सकता है। आप चाहें तो टमाटर की चटनी भी बना सकते हैं। इसके अलावा टमाटर का जूस भी बनाकर पीया जा सकता है। सेब को कच्चा खाने से स्वास्थ्य को कई फायदे मिल सकते हैं। **(एजेंसी)।**

क्या ज्यादा एक्सरसाइज करने से हृदय को नुकसान पहुंच सकता है? जानिए 5 चेतावनी संकेत

अधिकतर लोग मानते हैं कि जितना ज्यादा एक्सरसाइज करेंगे, उतना ही सेहत के लिए फायदेमंद होगा, लेकिन यह जरूरी नहीं है कि ज्यादा एक्सरसाइज करने से ही फायदा हो। हृदय के डॉक्टरों का कहना है कि बहुत ज्यादा एक्सरसाइज करने से हृदय को नुकसान भी पहुंच सकता है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे संकेत बताते हैं, जो बताते हैं कि आप ज्यादा एक्सरसाइज कर रहे हैं और इससे आपका हृदय प्रभावित हो रहा है।



सांस लेने में परेशानी होना

अगर आपको सांस लेने में काफी परेशानी हो रही है तो इसे नजरअंदाज न करें।

यह संकेत बता सकता है कि आप ज्यादा एक्सरसाइज कर रहे हैं, खासतौर से जब आप सीढ़ियां चढ़ते-चढ़ते या जल्दी कोई काम करते हुए सांस फूलने लगे तो इसे हल्के में लेने की गलती न करें।

यह संकेत हृदय की कमजोरी या हृदय की बीमारी का भी हो सकता है, इसलिए डॉक्टर से जांच करवाएं।

थकान महसूस होना

अक्सर लोग मानते हैं कि एक्सरसाइज करने से शरीर चुस्त-दुरुस्त रहता है, लेकिन अगर आप ज्यादा एक्सरसाइज कर लेते हैं तो इसके कारण आपको थकान भी हो सकती है। इससे शरीर में कमजोरी और दर्द भी हो सकता है।

अगर आपको लगातार थकान महसूस हो रही है तो इसके कारणों का पता लगाएं और एक्सरसाइज का समय कम कर दें। इसके अतिरिक्त पर्याप्त आराम करें और डॉक्टर से संपर्क करें।

हृदय की धड़कन का अनियमित होना

अगर आपको कभी भी अपने हृदय की धड़कन का अनियमित होना महसूस हो तो इसे नजरअंदाज करने की गलती न करें। कभी-कभी हृदय की धड़कन का जल्दी या धीमा होना सामान्य होता है, लेकिन कई बार यह बहुत ज्यादा एक्सरसाइज करने के कारण भी हो सकता है।

इसके अतिरिक्त हृदय की धड़कन के साथ चक्कर आना, सीने में दर्द और सांस लेने में परेशानी होना भी ज्यादा एक्सरसाइज करने के कारण हो सकते हैं।

सिरदर्द होना

ज्यादा एक्सरसाइज करने के कारण सिरदर्द होना भी संभव है। इसका कारण शरीर में खून के बहाव में बदलाव, शरीर में पानी की कमी या फिर शरीर में नमक और खनिजों का असंतुलन हो सकता है। इसके अतिरिक्त सही तरह से सांस न लेना भी सिरदर्द का कारण हो सकता है। अगर आपको सिरदर्द हो रहा है तो आराम करें और ज्यादा एक्सरसाइज करने से बचें। इसके साथ ही डॉक्टर से संपर्क करें।

नींद न आना

ज्यादा एक्सरसाइज करने से नींद पर भी असर पड़ सकता है। अगर आप रात में सोने की कोशिश करते हैं, लेकिन सो नहीं पाते या फिर सोने के बाद भी सुबह उठने पर खुद को तरोताजा महसूस नहीं करते तो समझ जाएं कि आप ज्यादा एक्सरसाइज कर रहे हैं। ऐसे में एक्सरसाइज का समय कम कर दें और ज्यादा से ज्यादा आराम करें।

(एजेंसी)।

संस्थापक- संपादक
स्व. आर. एस. शुक्ला

e-paper
dainandini.in

दैनिक दैनन्दिनी

गुरुवार 15 अक्टूबर 2026 ■ रायपुर और बिलासपुर से एक साथ प्रकाशित

जुआ खेल रहे 8 गिरफ्तार, 17,400 रुपए जब्त

महासमुंद। तुमगांव थाना क्षेत्र में अमावस और बेलटुकरी के बीच तालाब किनारे जुआ खेल रहे आठ लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे और जुआ फड़ से पुलिस ने 17 हजार 400 रुपए नकद के अलावा ताशपत्ती, बाइक और मोबाइल जब्त किए हैं। मामले में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि अमावस-बेलटुकरी के बीच तालाब किनारे कुछ लोग संगठित होकर काटपत्ती जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और छापेमारी की। पुलिस को देखकर कुछ जुआरी मौके से भाग निकले, जबकि आठ लोगों को पकड़ लिया गया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान रविंदर पुरैना (30), लोमश साहू (28), संत कुमार बंजारे (38), भीष्मदेव खुंटे (26), मुकेश देवदास (19), नेहरू साहू (35), पवन साहू (30) और तोरन कंवर (29) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों और जुआ फड़ से 17,400 रुपए नकद, ताशपत्ती, बाइक और मोबाइल जब्त किए। आरोपियों के खिलाफ धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 एवं धारा 112 बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई है।

राइस मिल से 300 मीटर केबल चोरी

महासमुंद। पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम पोटापारा स्थित व्हाइट गोल्ड राइस मिल से अज्ञात चोर करीब 300 मीटर केबल चोरी कर ले गए। घटना 30 सितंबर की रात से 3 अक्टूबर की सुबह के बीच की बताई गई है।

मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार राइस मिल संचालक राजकुमार अग्रवाल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 30 सितंबर को रात करीब 8 बजे से 3 अक्टूबर की सुबह 9 बजे के बीच अज्ञात व्यक्ति ने मिल परिसर से करीब 300 मीटर केबल चोरी कर ली।

420 नए प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति से टंडवा पंचायत में विकास और खुशहाली की नई बहार

बलौदाबाजार को मॉडल विधानसभा बनाने के लिए प्रतिबद्ध : टंकराम वर्मा

रायपुर ■ दैनन्दिनी

राजस्व एवं उच्च शिक्षा मंत्री श्री टंक राम वर्मा ने आज तिल्दा विकासखंड के ग्राम टण्डवा के बैकुंठ मोहल्ले में 11.76 लाख रूपए से नवनिर्मित सार्वजनिक वितरण प्रणाली भवन का लोकार्पण किया। राजस्व मंत्री श्री टंक राम वर्मा ने उपस्थित जनसमूह और हितग्राहियों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य और देश में 17 सितंबर को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस एवं भगवान विश्वकर्मा जयंती से सेवा और संकल्प महाअभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान के तहत प्रदेशभर में एक दिया आशीर्वाद का जलाकर जन-जन तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने और प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार व्यक्त करने का कार्य किया जा रहा है।

राजस्व मंत्री श्री टंक राम वर्मा ने कहा कि जल जीवन मिशन से हर घर नल का जल, प्रधानमंत्री आवास योजना, और जन धन योजना जैसी जन-कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ पूरे प्रदेश और देशवासियों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना के अनुरूप आज गांव-गांव तक पारदर्शी एवं सुगम राशन वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है। मंत्री श्री वर्मा ने टंडवा के नए राशन दुकान (पीडीएस भवन) के निर्माण पर ग्रामीणों को बधाई देते हुए कहा कि पहले ग्रामीणों को राशन के लिए अपना



काम-काज छोड़कर दूर जाना पड़ता था और भारी तकलीफों का सामना करना पड़ता था। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सरपंच के प्रयासों से अब गांव में ही यह सर्वसुविधायुक्त सुंदर नया भवन बनकर तैयार हो गया है, जिससे जरूरतमंद हितग्राहियों को राशन प्राप्त करने में बड़ी राहत मिलेगी। मंत्री श्री वर्मा ने अंत्योदय के प्रण को दोहराते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का सपना था कि देश के अंतिम व्यक्ति तक बिजली, पानी, राशन, शिक्षा और पक्का मकान पहुँचे। आज हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी इस सपने को धरातल पर साकार कर रहे हैं। टंडवा जैसी छोटी पंचायत में 420 नए प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति मिली है, जिनका निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है। गांव की गलियों में निर्माण सामग्री की चहल-पहल इस बात का प्रमाण है कि हर गरीब को पक्की छत मिल रही है।

मंत्री श्री टंक राम वर्मा ने कहा कि बलौदाबाज़ार विधानसभा क्षेत्र को एक मॉडल विधानसभा के रूप में विकसित करना उनका मुख्य ध्येय है। इसके लिए अब तक क्षेत्र के समग्र विकास हेतु 700 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की स्वीकृति दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि गांवों की समस्याएं प्राथमिकता के आधार पर धीरे-धीरे हल की जा रही हैं। शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए स्कूलों का जीर्णोद्धार और अधोसंरचना विकास किया जा रहा है। इस गरिमामयी कार्यक्रम में क्षेत्र के कई गणमान्य जनप्रतिनिधि, ग्राम पंचायत टण्डवा की सरपंच श्रीमती योगिता कृष्ण कुमार वर्मा एवं समस्त ग्रामवासियों उपस्थित थे।

पीएम सूर्य घर योजना से श्यामा मजूमदार को मिली दोहरी राहत

रायपुर ■ दैनन्दिनी

बस्तर संभाग के सुकमा जिले के पटनमपारा निवासी श्रीमती श्यामा मजूमदार के घर की बिजली जरूरतें अब सूरज की रोशनी से पूरी हो रही हैं। कभी हर महीने 300 से 500 रुपए तक आने वाला बिजली बिल पिछले चार महीनों से शून्य दर्ज हो रहा है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत घर की छत पर लगाए गए 3 किलोवाट क्षमता के सोलर पैनल ने उनके परिवार को बिजली खर्च से बड़ी राहत दी है। खास बात यह है कि घर की जरूरत पूरी होने के बाद बची हुई बिजली भी बेकार नहीं जा रही, बल्कि ग्रिड



में पहुंच रही है। इसके बदले उनके बिजली खाते में क्रेडिट जमा हो रहा है। श्रीमती श्यामा बताती हैं कि पहले हर महीने बिजली बिल चुकाना घरेलू खर्च का नियमित हिस्सा था। सोलर पैनल लगने के बाद अब बिजली की जरूरतें सौर ऊर्जा से पूरी हो रही हैं और मासिक बिल की चिंता कम हुई है। बिजली उत्पादन घर की खपत से अधिक होने पर अतिरिक्त बिजली ग्रिड में चली जाती है। इस तरह सौर ऊर्जा उनके परिवार के लिए बिजली बचत का जरिया बन गई है।

श्रीमती श्यामा को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर पैनल की स्थापना के लिए कुल 1 लाख 8 हजार रुपए की सब्सिडी मिली है। इसमें केंद्र सरकार की ओर से 78 हजार रुपए और छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से 30 हजार रुपए की सहायता शामिल है। इस आर्थिक सहयोग से उनके लिए सोलर पैनल लगवाना आसान हुआ। अब उन्हें हर महीने बिजली खर्च में बचत का लाभ मिल रहा है।

गौरेला में महाराजा श्री अग्रसेन जी की जयंती महोत्सव धूमधाम से संपन्न

गौरेला (दैनंदिनी)। नगर में महाराजा श्री अग्रसेन जी की जयंती महोत्सव हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। जयंती महोत्सव के दौरान अग्रवाल समाज द्वारा विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और महाराजा श्री अग्रसेन जी के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

समिति के अध्यक्ष अतुल अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष



जयंती महोत्सव के अवसर पर अनेक रोचक खेलकूद एवं मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें कैरम, सांप-सीढ़ी, फुग्गा उड़ाओ, चित्रकला, पत्तल दौड़ एवं धीमी साइकिल रेस जैसी प्रतियोगिताएं प्रमुख रहीं। इसके साथ ही पुरुषों एवं महिलाओं के लिए क्रिकेट प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित पीपीपीएसी की बैठक संपन्न

रायपुर ■ दैनन्दिनी

मुख्य सचिव श्री विकासशील की अध्यक्षता में चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मूल्यांकन समिति की एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में चिकित्सा शिक्षा संचालनालय द्वारा बिलासपुर के कोनी स्थित सिम्स मेडिकल कैंपस में निर्मित 240 बिस्तरों वाले सुपर स्पेशलिटी अस्पताल और 100 बिस्तरों वाले स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट को सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत संचालित और रखरखाव करने के प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में पीपीपी मॉडल अस्पताल को



10 वर्षों के लिए बिलासपुर के कोनी में कुल 340 बिस्तरों वाले इन दोनों अस्पतालों को एक ही 10-वर्षीय लाइसेंस समझौते के तहत निजी डेवलपर, ऑपरेटर को संचालन और रखरखाव के लिए सौंपने के प्रस्ताव पर विचार किया गया। अस्पताल में सरकारी योजनाओं (आयुष्मान भारत आदि) के लाभार्थियों और पूरी तरह निःशुल्क मरीजों के लिए आरक्षित रहेंगे। केवल 20 प्रतिशत बिस्तरों का उपयोग पेड मरीजों के इलाज के लिए किया जा सकेगा। सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी, न्यूरोसर्जरी, नेफ्रोलॉजी और यूरोलॉजी जैसी प्रमुख चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध होंगी।

छत्तीसगढ़ अत्यावश्यक सेवा संधारण तथा विच्छिन्नता निवारण संशोधन विधेयक 2026, वरिष्ठ सचिवों की समिति की बैठक आयोजित

रायपुर ■ दैनन्दिनी

राज्य शासन के प्रशासनिक सुधार और अत्यावश्यक सेवाओं के सुचारू संचालन को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में मुख्य सचिव श्री विकासशील की अध्यक्षता में मंत्रालय महानदी भवन में वरिष्ठ सचिवों की उच्च स्तरीय समिति की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में 'छत्तीसगढ़ अत्यावश्यक सेवा संधारण तथा विच्छिन्नता निवारण संशोधन विधेयक 2026' के विभिन्न प्रावधानों और इसके क्रियान्वयन से जुड़े पहलुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।



मुख्य सचिव ने जोर दिया कि नागरिकों को मिलने वाली बुनियादी और अत्यावश्यक जनसुविधाओं में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो, इसके लिए कानूनी प्रावधानों को समय के अनुकूल और अधिक सख्त बनाया जाना आवश्यक है। समिति ने छत्तीसगढ़ अत्यावश्यक सेवा संधारण तथा विच्छिन्नता निवारण अधिनियम (पूर्ववर्ती 1979 अधिनियम) में प्रस्तावित संशोधनों के प्रत्येक बिंदु की बारीकी से समीक्षा की। लोक सेवाओं की सुगमता, प्रशासनिक नियंत्रण और अनुशासन बनाए रखने से जुड़े प्रावधानों को शामिल करने पर चर्चा की गई। विभिन्न विभागों के वरिष्ठ सचिवों ने अपने-अपने विभागों से संबंधित आवश्यक सेवाओं के दायरे को स्पष्ट करने तथा विधिक प्रक्रियाओं को त्रुटिरहित बनाने के बहुमूल्य सुझाव दिए।

मुख्य सचिव ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि संशोधन विधेयक के प्रारूप को विधिक और प्रशासनिक औपचारिकताओं को शीघ्रता से पूरा करते हुए उच्च स्तरीय कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

'सुकमा कनेक्ट 2.0' को मिली राष्ट्रीय पहचान देश के 14 चयनित प्रस्तावों में शामिल

रायपुर ■ दैनन्दिनी

छत्तीसगढ़ के दूरस्थ वनांचलों तक शासन की योजनाओं और नागरिक सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। सुकमा जिले की अभिनव पहल 'सुकमा कनेक्ट 2.0' को भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग ने 'स्टेट कोलैबोरेशन इनिशिएटिव' के तहत देश के 14 चयनित प्रस्तावों में शामिल करते हुए 1.17 करोड़ रुपए की वित्तीय मंजूरी दी है। प्रशासन द्वारा समन्वय केंद्र सेवा का विस्तार करते हुए प्रस्ताव "सुकमा कनेक्ट (सीएमसीसी) 2.0" प्रस्तुत किया गया था।सेवा संकल्प अभियान की भावना के अनुरूप अंतिम छोर तक शासकीय सेवाएं पहुंचाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण पहल है। इसके तहत अब दूरस्थ गांवों के ग्रामीणों को मोबाइल सेवा वैन और चौबीसों घंटे संचालित बहुभाषी कॉल सेंटर के माध्यम से नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।



मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार दूरस्थ और आदिवासी अंचलों में शासकीय सेवाओं की पहुंच बढ़ाने पर विशेष जोर दे रही है। सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से भी नागरिकों को योजनाओं का लाभ दिलाने और उनकी समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी जा रही है। इसी दिशा में 'सुकमा कनेक्ट 2.0' तकनीक और प्रशासनिक समन्वय के जरिए ग्रामीणों को जरूरी सेवाएं उनके गांवों के करीब उपलब्ध कराने का माध्यम बनेगा।

सुकमा जिले में मार्च 2026 से संचालित केंद्रीकृत निगरानी एवं नियंत्रण केंद्र (सीएमसीसी 1.0) के माध्यम से अब तक 40 हजार से अधिक फोन कॉल किए गए हैं। इस पहल के तहत 10 हजार 78 आयुष्मान कार्ड और 11 हजार 103 नए मतदाता पहचान पत्र बनाए गए हैं। इसके अलावा 5 हजार 788 आधार नामांकन और 27 हजार 391 बायोमेट्रिक अपडेट किए गए हैं। आजीविका संवर्धन के लिए 452 महिला स्व-सहायता समूहों का गठन कर 4 हजार 745 परिवारों को आजीविका से जोड़ा गया है।

'सुकमा कनेक्ट 2.0' के तहत स्थानीय बोलियों में चौबीसों घंटे सहायता उपलब्ध कराने के लिए बहुभाषी कॉल सेंटर स्थापित किया जाएगा। दो मोबाइल सेवा वैन दूरस्थ गांवों में पहुंचकर आधार सहित अन्य नागरिक सेवाएं उपलब्ध कराएंगी। इससे अंदरूनी क्षेत्रों के ग्रामीणों को जरूरी सेवाओं के लिए लंबी दूरी तय करने की परेशानी कम होगी।

198 आवासीय विद्यालयों और आश्रमों में होगी डिजिटल निगरानी

परियोजना के तहत शिक्षा व्यवस्था की निगरानी को भी सुदृढ़ किया जाएगा। जिले के 198 आवासीय विद्यालयों एवं आश्रमों में डिजिटल उपस्थिति प्रणाली लागू की जाएगी। साथ ही शाला से बाहर बच्चों की पहचान और निगरानी के लिए विशेष व्यवस्था विकसित की जाएगी, ताकि उन्हें दोबारा शिक्षा से जोड़ा जा सके। नागरिक सेवाओं, शासकीय योजनाओं और शिक्षा संबंधी गतिविधियों की एकीकृत निगरानी के लिए कलेक्टर स्तर पर डिजिटल डैशबोर्ड भी तैयार किया जाएगा। इससे योजनाओं के क्रियान्वयन और सेवाओं की उपलब्धता की निगरानी एक ही मंच से हो सकेगी। यह पहल सुकमा में दूरस्थ आदिवासी अंचलों में "टेक्नोलॉजी-इनेबल्ड लास्ट-माइल गवर्नेंस" का उदाहरण सामने लेकर आएगी। जिले में कलेक्टर श्री अमित कुमार के निर्देशन और जिला सीईओ श्री मुकुन्द ठाकुर के मार्गदर्शन में मार्च 2026 से सीएमसीसी 1.0 (केंद्रीय निगरानी एवं नियंत्रण केंद्र) का सफलता पूर्वक संचालन किया जा रहा है।

मंदिरों से जुड़ी आस्था और प्राचीन कथाएँ, इस नवरात्रि सोनी पल लेकर आ रहा है माँ दुर्गा के नौ रूपों की महिमा 'महोत्सव आदि शक्ति का' में

मुंबई (दैनंदिनी)। इस नवरात्रि, सोनी पल अपने खास कार्यक्रम 'महोत्सव आदि शक्ति का' के माध्यम से दर्शकों को माँ दुर्गा के नौ रूपों की कथाओं, उनकी महिमा और उनसे जुड़े मंदिरों की यात्रा पर ले जाने के लिए तैयार है। 10 एपिसोड्स की यह विशेष सीरीज़ 11 अक्टूबर को शाम 7:30 बजे शुरू होगी। इसमें देश के अलग-अलग हिस्सों में स्थित उन पवित्र मंदिरों की कहानियाँ बताई जाएँगी, जो माँ दुर्गा के नौ रूपों से जुड़ी हैं।

हर एपिसोड में देवी के एक अलग रूप और उससे जुड़े एक नए स्थान की कहानी देखने को मिलेगी। पौराणिक कथाओं, इतिहास, परंपराओं और यात्रा को जोड़ने पर केन्द्रित यह कार्यक्रम हर रूप के महत्व के साथ उन मंदिरों की खासियत भी बताएगा, जहाँ उनकी पूजा की जाती है। ये कहानियाँ और परंपराएँ पीढ़ियों से हमारी संस्कृति का हिस्सा रही हैं।

लोकप्रिय अभिनेत्री श्रुति आनंद इस कार्यक्रम की मेजबानी करेंगी। वे दर्शकों को आस्था और खोज के इस सफर पर ले जाएँगी, जहाँ वे माँ दुर्गा के नौ रूपों से जुड़ी कथाओं और मंदिरों के महत्व को करीब से



जान सकेंगे। कार्यक्रम में इन मंदिरों तक पहुँचने की व्यावहारिक जानकारी भी दी जाएगी, ताकि जो दर्शक दर्शन के लिए वहाँ जाना चाहें, वे हवाई, रेल या सड़क मार्ग से अपनी यात्रा की योजना बना सकें।

सोनी पल के प्रवक्ता ने कहा, "सोनी पल में हमारा प्रयास ऐसा कॉन्टेंट तैयार करना है, जो हमारे दर्शकों से गहराई से जुड़ सके। 'महोत्सव आदि शक्ति का' भारत के सबसे खास पर्वों में से एक नवरात्रि के अवसर पर आस्था, संस्कृति, यात्रा और कहानी कहने की परंपरा को साथ लाने का सार्थक माध्यम है।"

श्रुति आनंद, 'महोत्सव आदि शक्ति का' की होस्ट ने कहा, "महोत्सव आदि शक्ति का शो आस्था, संस्कृति और यात्रा का एक खूबसूरत संगम है। इस विशेष सीरीज़ के माध्यम से हम माँ दुर्गा के नौ रूपों को जानेंगे और देशभर के मंदिरों से जुड़ी कथाओं और उनके महत्व को दर्शकों तक पहुँचाएँगे। यह सफर मेरे लिए बहुत ही विशेष रहा है, क्योंकि मैं सिर्फ कार्यक्रम की मेजबानी नहीं कर रही, बल्कि दर्शकों के साथ मिलकर इन कहानियों को बारीकी से जान भी रही हूँ। मुझे उम्मीद है कि परिवार इस कार्यक्रम को साथ बैठकर देखेंगे, हमारी संस्कृति के बारे में कुछ नया जानेंगे और शायद इन अद्भुत मंदिरों के दर्शन करने के लिए भी प्रेरित होंगे।"

'महोत्सव आदि शक्ति का' के माध्यम से सोनी पल दर्शकों को आस्था, कथाओं और यात्रा से जोड़ते हुए माँ दुर्गा के विभिन्न रूपों और उनसे जुड़ी समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को करीब से जानने का मौका देगा।

देखिए 'महोत्सव आदि शक्ति का' 11 अक्टूबर से शाम 7:30 बजे, सिर्फ सोनी पल पर।

:- संपादकीय :-

विदेशी दरवाजे संकुचित

'श्रमिक निर्यात की नीति दरअसल देश में रोजगार सृजन की विफलता को ढकने की कोशिश रही है। इस बीच अंतरराष्ट्रीय राजनीति में आव्रजक विरोधी मुद्दों के प्रमुखता पाने से इस मॉडल के लिए चुनौतियां बढ़ी हैं। सूत्रों आगाह किया है कि भारत श्रमिकों के निर्यात के जिस मॉडल को आगे बढ़ा रहा था, उसकी सीमा अब आ गई है। सूत्रों ने इस मॉडल की तुलना चीन के कारखाना उत्पादों की आक्रामक निर्यात नीति से की है, जिसे अब पश्चिम में 'चाइना शॉक 2.0इ कहा जा रहा है, और जिसको लेकर पश्चिमी देश अब जवाबी कार्रवाई कर रहे हैं। सूत्रों ने कहा है कि उसी तर्ज पर 'इंडिया शॉकइ को राजनीतिक एवं आर्थिक चुनौतियां मिलनी शुरू हो गई हैं। इस आकलन के मुताबिक 'इंडिया शॉकइ जल्द ही 'वैश्विक प्रतिरोध की दीवारइ से टकरा सकता है।आरंभ में श्रम निर्यात को भारत की विकास रणनीति के रूप में देखा गया। देश के अंदर बेरोजगारी का दबाव घटाने, विदेशी मुद्रा हासिल करने, और यहां तक कि कूटनीतिक प्रभाव बढ़ाने के लिहाज से अल्पकाल में यह नीति मददगार रही। यह निर्विवाद है कि भारत में युवा श्रमशक्ति की अधिकता है। उन तकाजों के मुताबिक रोजगार पैदा नहीं हुए हैं। इस पृष्ठभूमि में भारतीय कर्मियों को जर्मनी, जापान, इजराइल, खाड़ी देशों आदि में रोजगार दिलाने की सरकारी नीति का औचित्य समझा जा सकता है। बाहर से कमा कर भेजी गई रकम से ना सिर्फ संबंधित व्यक्ति के परिवार की माली हालत सुधरती है, बल्कि देश के लिए विदेशी मुद्रा का वह प्रमुख स्रोत भी है।बहरहाल, इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए कि यह नीति असल में देश में रोजगार सृजन की विफलता को ढकने की कोशिश रही है। इस बीच अंतरराष्ट्रीय राजनीति में आव्रजक विरोधी मुद्दों के प्रमुखता पाने से इस मॉडल के लिए चुनौतियां बढ़ी हैं। यूरोप, अमेरिका, और यहां तक कि खाड़ी देशों में भी आव्रजक- विरोधी भावनाएं बढ़ रही हैं। ईरान युद्ध ने पश्चिम एशिया में नया संकट खड़ा किया है। इसलिए अब इस नीति पर पुनर्विचार का वक्त आ गया है। यह समझने की जरूरत है कि अपनी अर्थव्यवस्था का आधार व्यापक किए बिना देश और यहां के आवाम की खुशहाली का कोई ठोस एवं स्थायी विकल्प नहीं है।

उच्च शिक्षा का दशक और गुणवत्ता की परीक्षा

ललित गर्ग ।

इसी तरह रोजगार और उच्च शिक्षा के संबंध को भी अधिक सूक्ष्मता से समझने की जरूरत है। डिग्री और रोजगार के बीच बढ़ती दूरी पाठ्यक्रमों की प्रासंगिकता, व्यावहारिक प्रशिक्षण और उद्योग की बदलती मांगों पर प्रश्न उठाती है। तकनीकी दक्षता, डिजिटल साक्षरता, संचार क्षमता और समस्या समाधान जैसे कौशल अब अनेक क्षेत्रों में आवश्यक हो गए हैं। फिर भी, रोजगारोन्मुखी शिक्षा का अर्थ विश्वविद्यालयों को उद्योग की तात्कालिक जरूरतों के अधीन कर देना नहीं है। मानविकी और सामाजिक विज्ञान विषय विद्यार्थियों में ऐतिहासिक चेतना, नैतिक विवेक, लोकतांत्रिक समझ और समाज के जटिल प्रश्नों का विश्लेषण करने की क्षमता विकसित करते हैं। एक सक्षम उच्च शिक्षा व्यवस्था को आर्थिक उपयोगिता और बौद्धिक स्वतंत्रता के बीच संतुलन कायम करना होगा। उसका उद्देश्य केवल रोजगार पाने योग्य व्यक्ति तैयार करना नहीं, बल्कि ज्ञानवान, विवेकशील और उत्तरदायी नागरिक बनाना भी है।हाल में बिहार में 211 नए सरकारी डिग्री कॉलेजों की शुरूआत, 2,451 संविदा सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति तथा विश्वविद्यालयों में प्रशासनिक और डिजिटल सुधारों की पहल इसी राष्ट्रीय चुनौती का एक प्रासंगिक उदाहरण है।



ह्यूमनिटीज एंड सोशल साइंसेज कम्युनिकेशंस में 2025 में प्रकाशित एक अध्ययन ने भी रेखांकित किया कि भारत में जनसांख्यिकीय बदलाव का आर्थिक लाभ अनुकूल नीतिगत वातावरण, बेहतर स्वास्थ्य, सम्मानजनक रोजगार और लैंगिक सशक्तीकरण पर निर्भर करता है।समावेशी विकास के हिमायती अर्थशास्त्री मानव पूंजी सिद्धांत के तहत शिक्षा को महज सामाजिक कल्याण या व्यक्तिगत उन्नति का माध्यम नहीं, बल्कि उत्पादकता, नवाचार और दीर्घकालिक आर्थिक विकास की बुनियादी पूंजी के रूप में देखते हैं। इस लिहाज से कह सकते हैं कि किसी देश की युवा आबादी अपने आप में विकास की गारंटी नहीं होती। उसकी वास्तविक आर्थिक और सामाजिक क्षमता इस बात से निर्धारित होती है कि उसे उपलब्ध शिक्षा ज्ञान, कौशल और निर्णय क्षमता में कितना रूपांतरित कर पाती है। भारत आज इसी द्वंद्व के बीच खड़ा है। एक ओर विशाल युवा आबादी जनसांख्यिकीय लाभांश की संभावना प्रस्तुत करती है, दूसरी ओर कृत्रिम बुद्धिमत्ता, तकनीकी प्रतिस्पर्धा और वैश्विक श्रम बाजार में आते बदलाव मानव पूंजी निर्माण की पारंपरिक धारणाओं को चुनौती दे रहे हैं। ह्यूमनिटीज एंड सोशल साइंसेज कम्युनिकेशंस में 2025 में प्रकाशित एक अध्ययन ने भी रेखांकित किया कि भारत में जनसांख्यिकीय बदलाव का आर्थिक लाभ अनुकूल नीतिगत वातावरण, बेहतर स्वास्थ्य, सम्मानजनक रोजगार और लैंगिक सशक्तीकरण पर निर्भर करता है। इसलिए पिछले एक दशक में उच्च शिक्षा के विस्तार और सुधारों का मूल्यांकन केवल संस्थानों तथा नामांकन की बढ़ती संख्या से नहीं, बल्कि इस कसौटी पर किया जाना चाहिए कि भारत अपनी युवा आबादी को ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था की सक्षम मानवीय शक्ति में कितना बदल पाया है।इस दशक में भारतीय उच्च शिक्षा का सामाजिक आधार उल्लेखनीय रूप से विस्तृत हुआ है। अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण के अनुसार, कुल नामांकन 2014 से 15 के लगभग 3.42 करोड़ से बढ़कर 2023 से 24 में करीब 4.50 करोड़ हो गया। महिलाओं के साथ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों की भागीदारी भी बढ़ी है, जो उच्च शिक्षा के व्यापक सामाजिक विस्तार का संकेत है। हालांकि, नामांकन वृद्धि अपने आप में पर्याप्त नहीं है। वास्तविक लोकतंत्रीकरण के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, पर्याप्त संसाधन और रोजगारपरक अवसरों तक समान पहुंच जरूरी है। महानगरों और छोटे शहरों के संस्थानों के बीच गुणवत्ता का अंतर अब प्रमुख चुनौती है।राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने उच्च शिक्षा सुधार के लिए व्यापक वैचारिक ढांचा प्रस्तुत किया। बहुविषयक अध्ययन, लचीली पाठ्यचर्या, शोध उन्मुख शिक्षा, कौशल विकास और अकादमिक क्रेडिट की हस्तांतरणीयता इसके प्रमुख प्रावधान हैं। अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट विद्यार्थियों को शैक्षणिक यात्रा में अधिक लचीलापन देता है, जबकि समर्थ जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रवेश, परीक्षा और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को व्यवस्थित करने की क्षमता रखते हैं। इन पहलों का महत्व संस्थागत विस्तार से आगे बढ़कर सीखने की गुणवत्ता, शैक्षणिक गतिशीलता और प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने में है।फिर भी नीतिगत महत्वाकांक्षा और संस्थागत वास्तविकता के बीच की दूरी को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। बहुविषयक शिक्षा के लिए विभिन्न विषयों के सक्षम विभाग, प्रशिक्षित शिक्षक और पर्याप्त अकादमिक संसाधन चाहिए। शोध आधारित शिक्षा के लिए प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, शोध अनुदान और मार्गदर्शन की व्यवस्था आवश्यक है। डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बना सकते हैं, लेकिन वे कमजोर शिक्षण व्यवस्था की भरपाई नहीं कर सकते। इसलिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति का वास्तविक मूल्यांकन इस आधार पर होना चाहिए कि उसके प्रावधानों ने कक्षाओं में शिक्षण, विद्यार्थियों के सीखने के स्तर और विश्वविद्यालयों की अकादमिक संस्कृति में कितना बदलाव पैदा किया है।उच्च शिक्षा सुधार की केंद्रीय कसौटी शिक्षक व्यवस्था और शोध क्षमता है। शिक्षक केवल पाठ्यक्रम पूरा करने वाले कर्मचारी नहीं, बल्कि ज्ञान सृजन, आलोचनात्मक विवेक और बौद्धिक स्वतंत्रता के वाहक हैं। अनेक संस्थानों में रिक्त पदों, संविदा नियुक्तियों और गैर शैक्षणिक दायित्वों का दबाव शिक्षण, शोध निर्देशन और विद्यार्थियों से संवाद को प्रभावित करता है। इसलिए पारदर्शी नियुक्ति, अकादमिक स्वतंत्रता और निरंतर प्रशिक्षण को दीर्घकालिक निवेश के रूप में देखना आवश्यक है।गौरतलब है कि विश्वविद्यालयों की गुणवत्ता शोध और नवाचार में उनके योगदान से भी निर्धारित होती है। भारत ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी में उल्लेखनीय प्रगति की है, लेकिन व्यापक विश्वविद्यालय व्यवस्था में शोध संस्कृति को और मजबूत करने की आवश्यकता है।

कृषि, जलवायु परिवर्तन, सार्वजनिक स्वास्थ्य, शहरीकरण और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे क्षेत्र भारतीय संदर्भ में महत्वपूर्ण शोध अवसर प्रस्तुत करते हैं। इसके लिए शोध वित्तपोषण बढ़ाने, उद्योग और अकादमिक संस्थानों के सहयोग तथा युवा शोधकताओं को स्वतंत्र अवसर देने की जरूरत है।

राशिफल

मेष राशिः मेष राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज जो भी काम शुरू करेंगे वो समय पर पूरा हो जाएगा। आपको करियर से संबंधित नए अवसर मिलेंगे। नए व्यापार को शुरू करने में बड़े भाई का सहयोग मिलेगा। कॉमर्स के विद्यार्थी आज मार्केटिंग को समझने के लिए शिक्षकों की सहायता लेंगे, जो आपके भविष्य में बेहद काम आएगी।

वृष राशिः वृष राशि वालों आज आपका मन उमंग से भरा रहेगा। हर कोई आपसे राय लेना चाहेगा। ऑफिस के लोगों में आपका रुतबा बनेगा। किसी विशेष व्यक्ति से आज आपकी बात हो सकती है। आपको आर्थिक रूप से लाभ मिलेगा, धन के नए स्रोत प्राप्त होंगे। आज अपना व्यवहार लचीला रखें और दूसरों की बातें समझने का प्रयत्न करें।

मिथुन राशिः मिथुन राशि वालों के लिए आज का दिन मिली जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज किसी रिश्तेदार से आपकी फोन पर बात होगी, जिससे आपको अच्छा महसूस होगा। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। महिलाएं आज ऑनलाइन कोई नई डिश सीखने की कोशिश करेंगी। पिता का सहयोग आपके साथ रहेगा। लेखकों के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है, उनके लेखन कार्यों की सराहना होगी। साथ ही आज के दिन आप किसी नई रचना की शुरूआत भी करेंगे।

कर्क राशिः कर्क राशि वालों आज अकारण शुरू हुई बाधाएं, माता की कृपा से पूरी तरह समाप्त हो जाएंगी। आज आपको ननिहाल पक्ष से कोई शुभ समाचार मिलेगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज आप विदेश में भी व्यापार करने की योजना बनाएंगे। आपकी सोशल मीडिया पर किसी से बात हो सकती है, जिससे आपको भविष्य में बहुत फायदा होगा।

सिंह राशिः सिंह राशि वालों आज आपका दिन खुशियां लेकर आया है। काम के मामलों में आप बेहद व्यावहारिक रहेंगे। आपके मन में बहुत दिनों से कारोबार को लेकर कोई योजना चल रही है, तो आज आप उस योजना पर काम शुरू करेंगे, जिससे आपको कोई बड़ा लाभ मिलेगा। आज आपकी मीठी वाणी आपके काम को जल्दी पूरा करवाने में मदद करेगी।

कन्या राशिः कन्या राशि वालों आज आपका दिन पहले से ज्यादा फायदा दिलाने वाला रहेगा। आपको दूसरों से प्रेरणा लेकर काम करने की जरूरत है। आज बोलने से ज्यादा आपको काम पर ध्यान देना चाहिए। आज आपको अपने माता पिता के साथ समय बिताना चाहिए। संयम और धैर्य के साथ ही आपको अपने कदम आगे बढ़ाने चाहिए।

तुला राशिः तुला राशि वालों आज आर्थिक तौर पर आपकी स्थिति मजबूत रहेगी। अगर आप कोई बिजनेस करते हैं, तो आपको उसे बढ़ाने के लिए थोड़ी और मेहनत करने की जरूरत है। आज कोई पड़ोसी आपसे किसी प्रकार की सहायता मांगेगा, जिसे आप आसानी से पूरा करेंगे। लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। किसी रिश्तेदार से आपकी फोन पर लंबी बात होगी।

वृश्चिक राशिः वृश्चिक राशि वालों आज आपका दिन ठीक रहेगा। ऑफिस के किसी सहकर्मी के साथ बिजनेस मीटिंग में शामिल होंगे। आज अपने बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आपका मन ईश्वर की भक्ति में लगा रहेगा। छात्रों के लिए दिन अच्छा रहेगा, आप अपनी पढ़ाई को लेकर पूरी तरह सतर्क रहेंगे। आज की गई मेहनत का लाभ मिलेगा।

धनु राशिः धनु राशि वालों आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। लोगों का भरोसा आप पर बना रहेगा। आपकी ईमानदारी से लोग प्रेरणा लेंगे। महिलाएं घर के काम से जल्द ही राहत पा लेंगी। आज आप दोस्तों के साथ समय बिताएंगे। कई दिनों से रुका हुआ पैसा आज वापस मिलेगा। आप अपनी बातें अपने पिता से जरूर साझा करें, इससे जीवन में चल रही परेशानियों का हल मिलेगा।

मकर राशिः मकर राशि वालों आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आप सोशल मीडिया के जरिए सामाजिक कार्यों में सहयोग देंगे। शिक्षकों की मदद से विद्यार्थियों का कोई प्रोजेक्ट पूरा होगा। किस्मत का साथ आपको आर्थिक लाभ दिलाएगा।

कुंभ राशिः कुंभ राशि वालों आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपके कोर्ट कचहरी के मामले थोड़े रुक सकते हैं, लेकिन समय रहते सब ठीक हो जाएगा। आज आप जो भी व्यापार शुरू करेंगे, उसमें सफलता हासिल होगी। आज आपको किसी दोस्त का सहयोग मिलेगा। आज आपको कुछ ऐसा हासिल होगा जिसकी ख्वाहिश आपको काफी पहले से थी।

मीन राशिः मीन राशि वालों आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आपको किसी के मामलों में दखल देने से बचना चाहिए। किसी बड़े प्रोजेक्ट में पैसा लगाने की सोच रहे हैं, तो पहले किसी समझदार व्यक्ति से सलाह जरूर लें।

सू- दोकू क्र.189

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.188 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6

नजरिया | विष्णु प्रसाद वर्मा

छत्तीसगढ़ में गति पकड़ता राजस्व न्याय



छत्तीसगढ़ में राजस्व प्रशासन को अधिक प्रभावी, जवाबदेह और जनोन्मुख बनाने की दिशा में राजस्व न्यायालयों के प्रदर्शन में एक नया अध्याय जुड़ गया है। दूरस्थ अंचलों से लेकर बड़े शहरों तक भूमि, नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा और स्वामित्व जैसे आम नागरिकों के जीवन से जुड़े अत्यंत संवेदनशील मामलों को समयबद्ध सीमा में सुलझाने के लिए प्रशासनिक प्राथमिकताओं में अभूतपूर्व बदलाव आया है। राज्यभर के राजस्व न्यायालयों में दर्ज कुल 4,67,415 प्रकरणों में से रिकॉर्ड 3,80,224 प्रकरणों का सफलतापूर्वक निराकरण कर लिया गया है। इस प्रकार संपूर्ण राज्य में मामलों के निराकरण की दर 81.35 प्रतिशत तक पहुँच चुकी है, जबकि शेष 87,191 प्रकरणों के निपटारे के लिए भी लक्षित एवं सुव्यवस्थित प्रयास जारी हैं।कोर्ट-कचहरी के चक्करों से मुक्ति, समय और धन की बचत-राजस्व मामलों का शीघ्र निपटारा केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका सीधा प्रभाव जमीन और आजीविका से जुड़े नागरिकों के रोजमर्रा के जीवन पर पड़ता है। कोर्ट-कचहरी के चक्कर काटने से मुक्ति मिलने के साथ-साथ आम जन के समय और संसाधनों की बचत हो रही है, जिससे राज्य में पारदर्शी एवं नागरिक-केंद्रित व्यवस्था सुदृढ़ हुई है। दूरस्थ एवं आदिवासी अंचलों का शानदार प्रदर्शन- राजस्व न्याय की इस तीव्र गति में सबसे प्रेरणादायक तस्वीर राज्य के दूरस्थ एवं आदिवासी बहुल जिलों से सामने आई है, जहाँ प्रशासनिक पहुंच और त्वरित निर्णय क्षमता मिसाल बनी है। सुकमा जिला 92.70 प्रतिशत निराकरण दर के साथ पूरे प्रदेश में शीर्ष पर है, जहाँ 7,224 मामलों में से 6,697 का निपटारा किया गया है। इसी तरह नारायणपुर में 92.28 प्रतिशत (5,780 में से 5,334 प्रकरण), दंतेवाड़ा में 91.50 प्रतिशत (5,614 में से 5,137 प्रकरण) और बीजापुर में 89.67 प्रतिशत की उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है।बड़े जिलों में भी तेजी से सुलझ रहे जमीन-जायदाद के मामले-भौगोलिक चुनौतियों के बावजूद दूरदराज के क्षेत्रों में मिली यह सफलता प्रशासनिक तंत्र की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। वहीं, राज्य के अधिक केस भार वाले बड़े जिलों में भी प्रकरणों के निपटारे का सिलसिला पूरी तेजी से चल रहा है। बस्तर में 17,600 में से 15,745 प्रकरण, बलौदाबाजार-भाटापारा में 20,905 में से 18,494 प्रकरण, राजधानी रायपुर में 34,226 में से 29,824 प्रकरण, बिलासपुर में 29,495 में से 24,539 प्रकरण, जांजगीर-चांपा में 19,132 में से 16,109 प्रकरण तथा कोरबा में 19,705 में से 15,747 मामलों को हल कर नागरिकों को राहत दी गई है।

'ई-धरती' और आधुनिक सर्वेक्षण से संवरते भू-अभिलेख-राजस्व मामलों के त्वरित निस्तारण के साथ-साथ राज्य सरकार 'ई-धरती' योजना और आधुनिक भू-सर्वेक्षण तकनीकों के जरिए भू-अभिलेखों के सुदृढ़ीकरण पर भी व्यापक काम कर रही है। राज्य में 431 वन ग्राम से परिवर्तित राजस्व ग्राम और 596 असर्वेक्षित या मसाहती ग्रामों को मिलाकर कुल 1,027 ग्रामों का सर्वे हेतु चिन्हांकन किया गया है। इनमें से 284 ग्रामों का सर्वेक्षण कार्य पूरा करके डाटा 'भुइयाँ पोर्टल' पर अपलोड भी कर दिया गया है, जबकि 196 ग्रामों में अंतिम प्रकाशन की प्रक्रिया चल रही है।अबूझमाड़ में ऐतिहासिक पहल और डिजिटल नक्शों का निर्माण-अति-संवेदनशील अबूझमाड़ क्षेत्र और नारायणपुर जिले में भी ग्राम सर्वेक्षण की शुरूआत एक ऐतिहासिक पहल है, जहाँ 6 ग्रामों का अंतिम प्रकाशन पूर्ण कर अभिलेखों एवं नक्शों को 'भुइयां' और 'भू-नक्शा' सॉफ्टवेयर पर अपलोड कर दिया गया है तथा 59 अन्य ग्रामों में अंतिम प्रकाशन की प्रक्रिया गतिमान है। इसके अतिरिक्त, ई-धरती योजना के तहत बंदोबस्त त्रुटियों को सुधारने के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में कोंडागांव जिले को 1.10 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बजट आवंटित किया गया है।

विचार

विरोधी भी नरेंद्र मोदी से बहुत कुछ सीख सकते हैं



इस समय भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राज्य और केन्द्र के लगातार 25 वर्ष सत्ता शीर्ष पर रहने के अवसर पर उनके जन्मदिवस 17 सितम्बर से 17 अक्तूबर तक देश भर में मुख्य 13 बड़े कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसका मूल स्वर है, सेवा संकल्प...

इस समय भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राज्य और केन्द्र के लगातार 25 वर्ष सत्ता शीर्ष पर रहने के अवसर पर उनके जन्मदिवस 17 सितम्बर से 17 अक्तूबर तक देश भर में मुख्य 13 बड़े कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसका मूल स्वर है, सेवा संकल्प अभियान। अगर इन कार्यक्रमों पर आप सरसरी दृष्टि भी डालें तो साफ दिख जाएगा कि भाजपा समाज के हर वर्ग तक पहुंचने का लक्ष्य लेकर चल रही है। 17 अक्तूबर को समापन के अवसर पर पंचायत से लेकर संसद तक के जनप्रतिनिधियों का एक विशाल सम्मेलन आयोजित होगा, जिसे स्वयं प्रधानमंत्री मोदी संबोधित करेंगे। उन्होंने अपने जन्म स्थान बडनगर से वाराणसी और वाराणसी से बड?गर जाने वाली यात्रा में शामिल कार्यकत्र्ताओं को वीडियो कॉन्फ्रैंसिंग से संबोधित किया, कहा कि राजनीति केवल चुनाव नहीं है। सभी कार्यकत्र्ताओं को सामाजिक कार्य और समाज सुधार में भी लगना चाहिए। यहीं पर नरेंद्र मोदी दूसरी पार्टियों के नेताओं से अलग दिखते हैं। यह अवसर विपक्ष सहित सबके लिए एक साथ कई बातों पर विचार करने का है। आज वह प्रधानमंत्री हैं, इसलिए सामान्य लग सकता है लेकिन उनके सामने लगभग 1 दशक से ज्यादा ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न की गईं, जिनमें लगता था कि वे मुख्यमंत्री भी रह पाएंगे या नहीं। इसलिए समय इस बात के निष्पक्ष विश्लेषण का भी है कि सारी विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए मोदी ने 25 वर्षों तक मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री तक रहने का चमत्कार कैसे किया?

शिलांग और सुबह-शाम के चेहरे

ये शिलांग की सुबह है। इस सुबह में बीते दिन की पूरी धमक है, बीती शाम की सरगोशियां हैं, चमक है। सुबह की सैर पर निकली तो चलती ही गई, मानो शिलांग को अपने कदमों से भी जीना चाहती हूं। किसी भी शहर की सुबह में उसकी रात की कहानी का पता होता है। बस, उस पते का पता पूछने वाले कम ही होते हैं। अपने चलते हुए कदमों और दृश्यों में छिपी शहर की बतकही से मुखातिब थी। वही चाय की उठती भाप, कुछ घूमने निकले जोड़े, कुछ परिवार, कुछ ब्लॉगर, कैमरों की क्लिक्स का महासागर। कुछ दूरी पर आज के दिन के अखबारों के ढेर और कुछ अखबार खरीदते और खबरों की दुनिया पर गुफ़्तगू करते लोग दिखे।अखबार पर बात करने वालों में ज्यादातर स्थानीय लोग ही थे और इनमें महिलाएं एक भी नहीं थीं। महिलाएं कब और कहां-कहां नहीं होती हैं, इसकी वजह पर नहीं जाऊंगी। शहर का कुछ पता नहीं था, किसी से पूछना भी नहीं था, गूगल से भी नहीं, तो जिधर भीड़ कम लगे और हरियाली ज्यादा दिखे, उधर चल पड़ी। कुछ चर्च, कुछ लाइब्रेरी रास्ते में पड़ते गए। सड़कों की सफाई बराबर हो रही थी। सफाई कर्मचारी रात के निशान सड़कों से मिटा रहे थे। उन्हें अगले दिन के लिए तैयार कर रहे थे। तभी सड़क पर एक पिता और पुत्र पर नजर पड़ी। पिता सड़क पर झाड़ू लगा रहा था, कूड़ा उठा रहा था और उसका छोटा-सा बच्चा, शायद डेढ़ या दो साल का होगा, थमाकोल के डिब्बे में प्लास्टिक की खाली बोतल को फंसाकर बनाए गए कूड़ा इकट्ठा करने वाले डिब्बे को खेलगाड़ी बनाकर खेलता दिखा। वह बहुत खुश था। खेलगाड़ी को खींचता, उसे गोल-गोल घुमाता, उसमें कोई कूड़ा उठाकर रख देता, फिर भागने लगता। उस बच्चे की मुस्कुराहट में यह सुबह डूब चुकी है।फि लहाल मेरी हथेलियों में खुशी का यह सिक्का है। इसे मैं कभी खर्च नहीं करूंगी। दुआ करूंगी कि दुनिया के सारे बच्चे यूं ही खुश हों, लेकिन कूड़ा बीनते हुए नहीं, स्कूल जाते हुए, पढ़ते हुए, खेलते हुए और इस दुनिया को थोड़ा बेहतर बनाते हुए। सुबह की सैर में शहर का जो चेहरा दिखा, वो रात के चेहरे से कई मायनों में अलग था। रात में जिस मौज-मस्ती की रवानगी थी, सुबह में एक पुरसुकून ठहराव था। मैं इन सुबहों की तलाश में ही तो निकली हूं, इस पुरसुकून ठहराव की तलाश में। अपने चेहरे को आसमान की ओर करके लंबी, गहरी सांस लेते हुए शहर को जब्त करने की कोशिश की।

शब्द सामर्थ्य -189


(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

ऊपर से नीचे

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 188 का हल

दि	क्क	त	■	आ	सा	न	■	आ
ल	■	मी	■	खि	■	सी	ख	ना
■	म	ज	बू	र	■	ह	■	जा
स	र्द	■	■	का	■	त	रा	ना
र	■	■	■	र	वि	■	ह	■
प	ह	ना	ना	■	ना	रा	ज	■
ट	■	■	क	शि	श	■	नी	ला
■	र	■	■	का	■	रा	■	य
खा	ति	र	दा	री	■	त	क्ष	क

मुंगेली जिले में अब 113 धान उपार्जन केंद्रों में होगी धान खरीदी, तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक

धान खरीदी प्रभारी एवं ऑपरेटरों को दिए गए आवश्यक निर्देश





मुंगेली (दैनंदिनी ब्यूरो)। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में धान खरीदी की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन ने आवश्यक कार्रवाई तेज कर दी है। इसी क्रम में कलेक्टर श्री अमृत विकास तोपनो के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर श्री जी.एल. यादव ने आज जिला कलेक्टोरेट कस्थित जनदर्शन सभाकक्ष में धान खरीदी प्रभारियों एवं ऑपरेटरों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में धान खरीदी केंद्रों में व्यवस्थाओं को समय पर दुरुस्त करने, किसानों का पंजीयन पूर्ण कराने तथा खरीदी प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने पर विशेष जोर दिया गया।

जिले में किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष 08 नवीन धान उपार्जन केंद्र प्रारंभ किए जा रहे हैं। इससे जिले में पहले से संचालित 105 धान उपार्जन केंद्रों की संख्या बढ़कर अब 113 हो जाएगी। नवीन केंद्र प्रारंभ होने से संबंधित क्षेत्रों के किसानों को धान विक्रय के लिए सुविधा मिलेगी तथा खरीदी व्यवस्था को अधिक सुगम बनाने में मदद मिलेगी।

बैठक में एग्रीस्टैक पोर्टल पर पंजीयन से शेष रह गए किसानों का पंजीयन 25 अक्टूबर तक शत-प्रतिशत पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। अपर कलेक्टर ने धान खरीदी प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने केंद्रों से संबंधित किसानों की पंजीयन स्थिति की समीक्षा करें तथा पात्र किसानों का पंजीयन निर्धारित समय-सीमा में सुनिश्चित करें। इसके साथ ही ऋण लेने वाले किसानों के ऋण संबंधी विवरण की पोर्टल पर शत-प्रतिशत प्रविष्टि पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी प्रारंभ होने से पहले सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली जाएं, ताकि किसानों को धान विक्रय के दौरान किसी प्रकार की अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। नवीन धान खरीदी केंद्रों में स्थल एवं कर्मचारियों का चयन समय पर पूरा करने तथा सभी केंद्रों में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। धान खरीदी कार्य को व्यवस्थित एवं पारदर्शी ढंग से संचालित करने के लिए सभी उपार्जन केंद्रों में कंप्यूटर, इंटरनेट, इलेक्ट्रॉनिक कांटा-बांट, नमी मापक यंत्र तथा विद्युत एवं पेयजल की व्यवस्था समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही केंद्रों में फड़ की साफ-सफाई सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाएं धान खरीदी प्रारंभ होने से पहले पूरी करने को कहा गया। बैठक में निर्धारित तिथि पर सभी केंद्रों में ट्रायल धान खरीदी अनिवार्य रूप से कराने तथा नमी मापक यंत्रों का कैलिब्रेशन एवं कांटा-बांट का सत्यापन शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को धान खरीदी की तैयारियों के लिए पूर्व में जारी चेकलिस्ट के अनुसार सभी बिंदुओं की जांच कर आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण करने को कहा गया। बैठक में पीसीएसएपी (PCSAP) पोर्टल पर धान खरीदी के 16 बिंदुओं से संबंधित सभी तैयारियां पूर्ण करने तथा अंतिम डाटा की सही प्रविष्टि करने के निर्देश दिए गए। संबंधित जानकारी के साथ स्पष्ट फोटो एवं आवश्यक प्रमाण-पत्र अपलोड करने को कहा गया। साथ ही पोर्टल पर निर्धारित मानकों के अनुरूप जानकारी दर्ज करने और ग्रेडिंग में सुधार के लिए विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए, ताकि पिछले वर्ष की तरह कम ग्रेड प्राप्त होने की स्थिति की पुनरावृत्ति न हो। धान खरीदी कार्य में नियोजित कर्मचारियों एवं हमालों की व्यवस्था सुनिश्चित करने, उनकी सूची तैयार करने तथा बीमा संबंधी प्रक्रिया के लिए नियोजित व्यक्तियों की सूची निर्धारित समय-सीमा में विपणन संघ को भेजने के निर्देश दिए गए।

नवरात्रि गरबा महोत्सव एवं जगराता में मुंगेली पुलिस की साइबर जागरूकता पहल



मुंगेली (दैनंदिनी ब्यूरो)। नवरात्रि के पावन अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशन में जिला मुंगेली पुलिस द्वारा आमजन को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 14 अक्टूबर 2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल सेंट जेवियर स्कूल मुंगेली एवं रोट्रेक्ट क्लब मुंगेली द्वारा आयोजित नवदुर्गा गरबा महोत्सव में मुख्य रूप से शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने "पहल" अभियान के तहत गरबा व डांडिया प्रतिभागियों एवं दर्शकों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया तथा सभी प्रतिभागियों को 'पहल' अभियान का बैज लगाकर साइबर सुरक्षा दूत बनने का संदेश दिया। इसी कड़ी में मुंगेली के दाऊपारा स्थित रेस्ट हाउस के पास आयोजित जगराता कार्यक्रम में भी व्यापक साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लगभग 7,000 श्रद्धालुओं को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री भोजराम पटेल ने डिजिटल स्क्रीन के माध्यम से वीडियो व संदेश प्रदर्शित कर ऑनलाइन ठगी, डिजिटल अरेस्ट और फर्जी लुभावने ऑफर्स से सतर्क रहने की अपील की। इस अवसर पर निरीक्षक सीमा, सउनि मधुकर रात्रे एवं बबीता श्रीवास द्वारा उपस्थित जनसमूह को साइबर ठगी के नए तरीकों तथा उनसे बचाव के उपायों की व्यावहारिक जानकारी दी गई।

संस्कारवान परिवार ही सशक्त समाज का आधार : तोखन साहू



लोरमी (दैनंदिनी ब्यूरो)। तहसील साहू संघ लोरमी द्वारा आयोजित 'एक दिवसीय परिवार संस्कार कार्यशाला' को संबोधित करते हुए केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री एवं बिलासपुर सांसद तोखन साहू ने कहा कि संस्कारवान परिवार ही सशक्त समाज और विकसित राष्ट्र की आधारशिला हैं। उन्होंने आयोजन के लिए संघ के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को बधाई दी।

श्री साहू ने कहा कि परिवार बच्चों की पहली पाठशाला है। माता कर्मा की भक्ति एवं सेवा, दानवीर भामाशाह के त्याग और माता राजिम की सांस्कृतिक विरासत से प्रेरणा लेकर हमें अपने जीवन में संस्कारों को अपनाना चाहिए।

उन्होंने युवाओं से शिक्षा, कौशल विकास, स्वरोजगार और वित्तीय जागरूकता पर ध्यान देने तथा नशे एवं डिजिटल भटकाव से दूर रहने का आह्वान किया। साथ ही, सामाजिक आयोजनों में फिजूलखर्ची से बचने, पौधारोपण को बढ़ावा देने और समाज में एकता एवं समरसता बनाए रखने पर जोर दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के संकल्प का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को धन-संपत्ति के साथ संस्कारों और उच्च सामाजिक मूल्यों की विरासत देना हम सभी का दायित्व है।

ज्ञानेश कुमार को हथकड़ी पहनाकर कांग्रेसियों ने किया अनोखा प्रदर्शन

पुतला दहन कर उठाए चुनावी पारदर्शिता पर सवाल, नवीन जायसवाल के नेतृत्व में कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन

कवर्धा (दैनंदिनी ब्यूरो)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम के अध्यक्ष नवीन जायसवाल के नेतृत्व में बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर में पैदल मार्च निकालकर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया। कांग्रेस भवन से शुरू हुआ मार्च बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थल तक पहुंचा, जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के प्रतीकात्मक पुतले को हथकड़ी पहनाकर अनोखे अंदाज में अपना विरोध दर्ज कराया। कांग्रेस ने विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) सहित चुनावी प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न निर्णयों पर सवाल उठाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस्तीफे तथा मुख्य निर्वाचन आयुक्त के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।

जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम के अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि आज देश की जनता के सामने सबसे बड़ा सवाल यह है कि केंद्र और भाजपा शासित राज्य सरकारों को लगातार जनविरोधी फैसले लेने का आत्मविश्वास आखिर कहां से मिल रहा है। किसान, युवा और आम जनता महंगाई सहित अनेक समस्याओं से जूझ रहे हैं, लेकिन सरकार जनता की परेशानियों और विरोध को नजरअंदाज कर रही है।

उन्होंने कहा कि आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि से आम जनता का बजट प्रभावित हो रहा है। वहीं, विकास एवं निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार के आरोपों पर भी सरकार को जवाब देना चाहिए।

नवीन जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता को लेकर गंभीर सवाल उठा रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में निर्वाचन आयोग की स्वतंत्रता और निष्पक्षता बेहद महत्वपूर्ण है। यदि चुनावी प्रक्रिया को लेकर सवाल उठ रहे हैं, तो उनका जवाब तथ्यों और पारदर्शिता के साथ दिया जाना चाहिए। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा, "जब सैंया भय चुनाव आयोग, तो डर काहे का?" कांग्रेस का कहना है कि देश की जनता इन सवालों का जवाब चाहती है।



नवीन जायसवाल ने कहा कि द इंडियन एक्सप्रेस की 25 सितंबर 2026 की एक रिपोर्ट में निर्वाचन आयोग की निर्णय प्रक्रिया को लेकर महत्वपूर्ण सवाल उठाए गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, निर्वाचन आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने पिछले दस महीनों में कम-से-कम 14 बार आयोग के कुछ निर्णयों पर औपचारिक आपत्ति दर्ज की।

उन्होंने कहा कि रिपोर्ट में नए मतदाताओं के पंजीकरण, मतदाता सूची से नाम हटाने तथा मतदाता सूची से संबंधित आईटी प्रणाली के केंद्रीकरण जैसे मुद्दों का उल्लेख किया गया है। यदि निर्वाचन आयोग जैसी संवैधानिक संस्था के भीतर ही निर्णय प्रक्रिया को लेकर आपत्तियां सामने आती हैं, तो देश की जनता को इन विषयों पर स्पष्ट और पारदर्शी जानकारी मिलनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता, निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता और संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता लोकतंत्र की बुनियाद हैं। इनसे जुड़े सवालों का समाधान जवाबदेही और पारदर्शिता के माध्यम से किया जाना चाहिए।

पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक प्रत्याशी नीलू चंद्रवंशी ने कहा कि कांग्रेस और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी लंबे समय से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) तथा चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर सवाल उठाते रहे हैं।

उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के दो आयुक्तों द्वारा दर्ज आपत्तियों से संबंधित रिपोर्ट सामने आने के बाद इन मुद्दों पर सार्वजनिक बहस और निष्पक्ष जांच की आवश्यकता और बढ़ गई है। निर्वाचन आयोग को सामने आए सवालों पर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए, ताकि जनता का लोकतांत्रिक संस्थाओं पर विश्वास बना रहे।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कवर्धा में 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का किया भव्य शुभारंभ

प्रदेश के पांचों जोन के 440 खिलाड़ी वॉलीबाल, सॉफ्टबाल और हैंडबाल में दिखाएंगे दमखम



कवर्धा (दैनंदिनी ब्यूरो)। खेल भावना, अनुशासन और उत्साह के बीच कबीरधाम जिले में 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता-2026 का आज भव्य शुभारंभ हुआ। स्वामी करपात्री जी स्टेडियम, कवर्धा में आयोजित समारोह में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक श्री विजय शर्मा ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस दौरान ध्वज फहराया गया और विभिन्न जोनों से आए खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट कर खेल भावना, एकता और अनुशासन का परिचय दिया। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साहवर्धन करते हुए बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

उप मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेल खेलिए और पूरे उत्साह के साथ खेलिए। हार और जीत हमेशा हमारे हाथ में नहीं होती, इसलिए परिणाम की चिंता करने के बजाय अपने खेल पर ध्यान देना चाहिए।

खिलाड़ियों का प्रदर्शन ऐसा होना चाहिए कि दर्शक खेल देखकर तालियां बजाने लगें और कहें कि क्या शानदार खेल दिखाया है। यही खेल का असली आनंद और सच्ची खेल भावना है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मेहनत सफलता दिलाती है और सफलता से सम्मान मिलता है। जब आप सफल होते हैं, तो दुनिया आपकी प्रतिभा को पहचानती है। सफलता का कोई अलग मंत्र नहीं है। इसके लिए जरूरी है कि खिलाड़ी अपने खेल को बेहतर बनाने के लिए पूरी लगन, मेहनत और समर्पण के साथ जुटे रहें।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि खिलाड़ियों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि जीत-हार के पीछे परेशान होने के बजाय अच्छे खेल के लिए मेहनत करनी चाहिए और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के पांचों जोन से आए सभी युवा खिलाड़ियों का वे हृदय से स्वागत करते हैं। बस्तर के दूरस्थ अंचलों, अबूझमाड़, सुकमा और बीजापुर से आए खिलाड़ियों से मिलकर उन्हें विशेष खुशी हुई। उन्होंने कहा कि बस्तर के युवा अब नक्सलवाद के दंश को पीछे छोड़कर आगे बढ़ने और पूरे देश में अपनी प्रतिभा से पहचान बनाने के लिए तैयार हैं। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू, नगर पालिका परिषद कवर्धा के अध्यक्ष श्री चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री कैलाश चन्द्रवंशी, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष श्री कैलाश चन्द्रवंशी, पुलिस जवाबदेही प्राधिकरण के सदस्य श्री भगत पटेल तथा जनपद पंचायत कवर्धा की अध्यक्ष श्रीमती सुषमा गणपत बघेल, श्री विजय पटेल, श्री संतोष पटेल, श्री मनीराम, श्री लोकचंद साहू, श्री उमंग पांडेय, जिला शिक्षा अधिकारी श्री एफ आर वर्मा सहित खिलाड़ी उपस्थित रहे।

प्रदेश के पांचों जोन के 440 खिलाड़ी ले रहे हिस्सा

जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग, जिला कबीरधाम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह चार दिवसीय प्रतियोगिता 13 से 16 अक्टूबर तक चलेगी। इसमें प्रदेश के बिलासपुर, सरगुजा, बस्तर, रायपुर और दुर्ग जोन के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता में बालक वर्ग से 220 और बालिका वर्ग से 220 खिलाड़ी शामिल हैं। इस प्रकार कुल 440 प्रतिभागी एवं अधिकारी प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं।

वॉलीबाल, सॉफ्टबाल और हैंडबाल में दिखाएंगे प्रतिभा

प्रतियोगिता में 14 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं की वॉलीबाल तथा 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं की सॉफ्टबाल और हैंडबाल स्पर्धाएं आयोजित की जा रही हैं। चार दिनों तक चलने वाली इन स्पर्धाओं में खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा, कौशल और टीम भावना का प्रदर्शन करेंगे।

मल्टी-परपस इंडोर हॉल के लिए 05 करोड़ मंजूर, उप मुख्यमंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद राशि स्वीकृति का आदेश जारी



लोरमी (दैनंदिनी ब्यूरो)। खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने मुंगेली जिले के पथरिया विकासखंड के लछनपुर में मल्टी-परपस इंडोर हॉल के निर्माण के लिए 04 करोड़ 99 लाख 82 हजार रुपए मंजूर किए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अरुण साव की पहल पर क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना के तहत एक एकड़ में इसका निर्माण किया जाएगा। श्री साव के अनुमोदन के बाद राज्य शासन ने मंत्रालय से प्रशासकीय स्वीकृति का आदेश आज जारी कर दिया है। लछनपुर में बनने वाले इस मल्टी-परपस इनडोर हॉल में वॉलीबॉल, हैंडबॉल बास्केटबॉल, बैडमिंटन, कबड्डी और मार्शल आर्ट जैसे खेलों की सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसके निर्माण से अंचल के खिलाड़ियों को अभ्यास और प्रशिक्षण के लिए सर्वसुविधायुक्त अधोसंरचना मिलेगी। इससे क्षेत्र के खिलाड़ियों की प्रतिभा को संवारने, तराशने और विभिन्न खेलों के आयोजनों में भी मदद मिलेगी। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कार्य में प्रयुक्त की जाने वाली सामग्रियों एवं संपूर्ण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए हैं। किसी भी स्तर पर कार्य की गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर उत्तरदायित्व का निर्धारण करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) जिला बलरामपुर-रामानुजगंज
मुख्यालय बलरामपुर (छ०ग०)

फोन नम्बर 07831-299063 ई-मेल :- acbalrampur@gmail.com

:: संक्षिप्त निविदा सूचना ::

क्रमांक / 1890 / निर्माण/आ.वि./2026 बलरामपुर, दिनांक-710070202

छत्तीसगढ़ कार्य विभाग नियमावली 1983 आदिवासी विकास विभाग अंतर्गत बलरामपुर-रामानुजगंज जिले मे संचालित विभागीय छात्रावास / आश्रम एवं विशिष्ट संस्थाओं में शौचालय / स्नानागार निर्माण एवं अहाता निर्माण कार्यों के लिये मुहरबंद निविदाएं लोक निर्माण विभाग में श्रेणी "द" या उससे उपर के पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग के वर्तमान में प्रचलित एस०ओ०आर० दर के आधार पर कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ०ग०) में **स्पीड पोस्ट** के माध्यम से **प्रथम निविदा** आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है:-

1. कोरे निविदा प्रपत्र लेने हेतु आवेदन की अंतिम तिथि - 21.10.2026 (अपरान्ह 5.30 बजे तक)
2. कोरे निविदा प्रपत्र कय करने की अंतिम तिथि - 28.10.2026 (अपरान्ह 5.30 बजे तक)
3. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 30.10.2026 (अपरान्ह 5.30 बजे तक)
4. निविदा खोलने की तिथि - 02.11.2026 (अपरान्ह 12.00 बजे)

कार्य क्रमांक	कार्य का नाम	निविदा की राशि (लाखों में)
01 से 24	विभागीय छात्रावास / आश्रम / विशिष्ट संस्था में शौचालय एवं स्नानागार का निर्माण 18 संस्था प्रति संस्था रू. 5.28 लाख के मान से एवं 06 छात्रावास / आश्रम/विशिष्ट संस्था में अहाता निर्माण प्रति संस्था रू. 10.00 लाख के मान से	155.04

टीपः- 1. निविदा प्रपत्र का मूल्य प्रति कार्य रू. 750-00
2. अमानत राशि प्रत्येक कार्य में दर्शित राशि अनुसार पृथक-पृथक प्रस्तुत करना होगा।
यह संक्षिप्त निविदा मूल निविदा का अंग है। निविदा की शर्ते एवं कार्य की विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन समय में उपस्थित हो कर देखी जा सकती है।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास
बलरामपुर-रामानुजगंज

जी- 262703972/9

टीम इंडिया की बल्लेबाजी रही फ्लॉप, वेस्टइंडीज के खिलाफ बड़ी मुश्किल से बने 110 रन



नई दिल्ली (एजेंसी)। शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (WCL 2026) के 15वें मुकाबले में वेस्टइंडीज चैंपियंस के खिलाफ टीम इंडिया की बल्लेबाजी पूरी तरह फ्लॉप नजर आई। कैरेबियाई गेंदबाजों के आगे भारतीय दिग्गज बल्लेबाज ताश के पत्तों की तरह बिखर गए और टीम बड़ी मुश्किल से 20 ओवर में 8 विकेट पर 110 रन ही बना सकी। इस मैच में वेस्टइंडीज के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था जो उनके गेंदबाजों ने पूरी तरह सही साबित कर दिखाया। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम 4 मैचों में एक जीत के साथ पांचवें नंबर पर है।

टीम इंडिया पारी की शुरुआत बेहद खराब रही और ओपनर नमन ओझा बिना खाता खोले ही आउट हो गए। वहीं अनुभवी रॉबिन उथप्पा ने टिकने की कोशिश की और 16 गेंदों पर 19 रन बनाए, जिसमें 1 चौका और 1 छक्का शामिल था। नंबर 3 पर बल्लेबाजी करने आए रायुडू गोल्डन डक बनाकर आउट हो गए। टीम के कप्तान युवराज सिंह से एक बड़ी पारी की उम्मीद थी, लेकिन उनका बल्ला भी नहीं चला और वह सिर्फ 4 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। स्टुअर्ट बिन्नी भी 1 रन बनाकर सस्ते में आउट हो गए। इस मुकाबले में भारत का टॉप आर्डर पूरी तरह से फ्लॉप रहा।

एक समय ऐसा लग रहा था कि भारतीय टीम 100 रन का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाएगी, लेकिन निचले क्रम के बल्लेबाजों ने किसी तरह पारी को संभाला। ऋषि धवन ने टीम की ओर से सबसे ज्यादा 32 गेंदों पर 34 रन बनाए, जिसमें 4 चौके शामिल रहे। वहीं, हरभजन सिंह ने अंत में अच्छी बल्लेबाजी करते हुए 24 गेंदों पर नाबाद 28 रन बनाए, जिसमें 3 चौके और 1 छक्का शामिल था। युसूफ पठान ने 11 रन और पीयूष चावला ने 7 रनों का योगदान दिया, जबकि धवल कुलकर्णी 2 रन बनाकर नाबाद रहे। अतिरिक्त के रूप में टीम को 4 रन मिले, जिसके दम पर भारत 8 विकेट के नुकसान पर 110 के स्कोर तक पहुंच पाया। वेस्टइंडीज की तरफ से गेंदबाजी में रायद एमरिट ने सबसे ज्यादा 2 विकेट झटके, जबकि फिडेल एडवर्ड्स, शेल्डन कॉटरेल, रेमन राइफर, कार्लोस ब्रेथवेट और निकिता मिलर को 1-1 सफलता मिली।

अभिषेक शर्मा के निशाने पर सूर्यकुमार यादव का बहुत बड़ा कीर्तिमान, न्यूजीलैंड टूर पर रच सकते हैं इतिहास



नई दिल्ली (एजेंसी)। अभिषेक शर्मा का बल्ला इन दिनों जमकर बोल रहा है। T20 इंटरनेशनल में तेजी से रन बनाने के साथ-साथ वह लगातार नए रिकॉर्ड भी अपने नाम कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने T20I क्रिकेट में सबसे तेज 2000 रन पूरे करने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। पहले यह कीर्तिमान सूर्यकुमार यादव के नाम दर्ज था। अब इस विस्फोटक सलामी बल्लेबाज की नजर सूर्यकुमार यादव के एक और बड़े रिकॉर्ड पर है। अभिषेक के पास एक कैलेंडर ईयर में T20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा बार 50 या उससे अधिक रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बनने का मौका है।

भारत की नजर सीरीज जीतने पर

भारत और वेस्टइंडीज के बीच जारी T20I सीरीज में भारतीय टीम फिलहाल 2-1 से आगे है। दोनों टीमों के बीच चौथा T20I मुकाबला हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाना है। इस मैच में अभिषेक अर्धशतक जड़ते ही सूर्यकुमार यादव के रिकॉर्ड के बेहद करीब पहुंच जाएंगे। यही नहीं, सीरीज के 5वें और आखिरी T20I मैच में अर्धशतक पूरा करते ही भारतीय सलामी बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव के इस बड़े रिकॉर्ड की बराबरी कर लेंगे। हालांकि, सूर्यकुमार यादव के एक कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा बार 50 प्लस स्कोर के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ने के लिए उन्हें थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है। वह इस उपलब्धि को न्यूजीलैंड दौरे पर होने वाली T20I सीरीज में हासिल कर सकते हैं। भारतीय टीम 22 अक्टूबर को T20I सीरीज से न्यूजीलैंड दौरे का आगाज करेगी।

सूर्यकुमार यादव के रिकॉर्ड पर अभिषेक की नजर

बता दें, T20 इंटरनेशनल में एक कैलेंडर ईयर के दौरान सबसे ज्यादा बार 50 या उससे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड फिलहाल सूर्यकुमार यादव के नाम है। उन्होंने 2022 में 11 बार यह उपलब्धि हासिल की थी। अभिषेक शर्मा ने 2026 में अब तक 9 बार 50 प्लस स्कोर बनाया है। ऐसे में अभिषेक को सूर्या से आगे निकलने के लिए सिर्फ 3 अर्धशतक की दरकार है।

T20I में एक कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा 50+ स्कोर बनाने वाले भारतीय

सूर्यकुमार यादव - 11 बार (2022)
अभिषेक शर्मा - 9 बार (2026)
विराट कोहली - 9 बार (2022)

अभिषेक शर्मा केवल अर्धशतकीय पारियों के मामले में ही नहीं, बल्कि छक्के लगाने के मामले में भी सूर्यकुमार यादव को कड़ी चुनौती दे रहे हैं। उन्होंने 2026 में अब तक T20 इंटरनेशनल में 68 छक्के लगाए हैं। इस तरह वह एक कैलेंडर ईयर में T20I में भारत की ओर से सबसे ज्यादा छक्के जड़ने के मामले में सूर्यकुमार के बराबर पहुंच गए है। अब चौथे T20I मैच में अभिषेक एक छक्का जड़ते ही T20 इंटरनेशनल क्रिकेट में एक साल में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन जाएंगे।

वेस्टइंडीज ने टेस्ट सीरीज के लिए किया टीम का ऐलान, 23 साल के नए चेहरे को पहली बार मिली एंट्री

नई दिल्ली (एजेंसी)। बांग्लादेश दौरे के लिए वेस्टइंडीज ने अपनी 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। 23 साल के बल्लेबाज केविन विकहम को पहली बार टेस्ट टीम में जगह मिली है। लगातार तीन शतक लगाने वाले विकहम को उनके शानदार प्रदर्शन का इनाम मिला है। वहीं, तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ को वर्कलोड और चोट के जोखिम को ध्यान में रखते हुए टीम से बाहर रखा गया है। वेस्टइंडीज और बांग्लादेश के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जाएगी। यह 2025-2027 ICC वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में वेस्टइंडीज का आखिरी असाइनमेंट होगा। सीरीज का पहला मुकाबला 28 अक्टूबर से मीरपुर में और दूसरा टेस्ट 5 नवंबर से सिलहट में खेला जाएगा।

लगातार तीन शतक से विकहम ने हासिल किया मौका

केविन विकहम पहली बार सीनियर टेस्ट टीम में शामिल हुए हैं। उन्होंने 2026 वेस्टइंडीज चैंपियनशिप में लगातार तीन शतक लगाकर सिलेक्टर्स का ध्यान खींचा था। इस दौरान उनका सर्वोच्च स्कोर 153 रन रहा। विकहम अब तक 25 फर्स्ट क्लास मैचों में 6 शतक लगा चुके हैं और उनका बल्लेबाजी औसत 40 से ज्यादा का है। बांग्लादेश अपने घरेलू मैदान पर स्पिन गेंदबाजी के दम पर विरोधी टीमों को परेशान करने के लिए जाना जाता है। हालांकि, हाल के समय में उसकी तेज गेंदबाजी भी प्रभावी रही है। ऐसे में वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों के सामने दोनों तरह की गेंदबाजी से निपटने की चुनौती होगी।

शे होप को आराम, अल्जारी जोसेफ बाहर

वेस्टइंडीज के सीमित ओवरों के कप्तान शे होप को लगातार तीनों फॉर्मेट में खेलने के बाद इस टेस्ट सीरीज से आराम दिया गया है। क्रिकेट वेस्टइंडीज उनके वर्कलोड और फिटनेस को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया है। अगले साल फरवरी में होने वाले ICC क्रिकेट वर्ल्ड कप क्वालिफायर को देखते हुए बोर्ड उनकी फिटनेस पर विशेष ध्यान दे रहा है।

जोश हेजलवुड ने गेंद से बरपाया कहर, ब्रेट ली को छोड़ दिया पीछे



नई दिल्ली (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के धाकड़ तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने साउथ अफ्रीका की धरती पर कमाल कर दिया। डरबन में खेले गए पहले टेस्ट मैच के आखिरी दिन जोश हेजलवुड ने गेंद से कहर बरपाते हुए साउथ अफ्रीका को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। साउथ अफ्रीका के सामने जीत के लिए 421 रनों का बड़ा लक्ष्य था। इसके जवाब में साउथ अफ्रीका की टीम अपनी दूसरी पारी में महज 206 रनों पर ढेर हो गई। अफ्रीकी टीम को समेटने में जोश हेजलवुड का अहम योगदान रहा, जिन्होंने 6 बल्लेबाजों का अकेले शिकार किया। इस तरह हेजलवुड ने ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज तेज गेंदबाज ब्रेट ली को पछाड़ दिया।

जोश ने डरबन टेस्ट में गेंद से बरपाया कहर

दरअसल, हेजलवुड ने 9 से 13 अक्टूबर तक डरबन के किंग्समीड मैदान पर खेले गए सीरीज के पहले टेस्ट में शानदार प्रदर्शन किया। पैट कमिंस की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया ने यह मुकाबला 214 रन से अपने नाम किया। हेजलवुड ने पहली पारी में दो विकेट लिए, जबकि दूसरी पारी में साउथ अफ्रीका के 6 बल्लेबाजों को पवेलियन भेज दिया। उन्होंने दूसरी पारी में 16.5 ओवर गेंदबाजी करते हुए सिर्फ 49 रन दिए और ऑस्ट्रेलिया की बड़ी जीत में अहम भूमिका निभाई।


टेस्ट में ब्रेट ली को छोड़ा पीछे

दूसरी पारी में 6 विकेट लेने के साथ ही हेजलवुड के टेस्ट विकेटों की संख्या 311 हो गई है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट क्रिकेट में 310 विकेट लेने वाले ब्रेट ली को पीछे छोड़ दिया। ली ने 1999 से 2008 के बीच ऑस्ट्रेलिया के लिए 76 टेस्ट खेले थे। वहीं, हेजलवुड अब तक 79 टेस्ट मैचों में 311 विकेट अपने नाम कर चुके हैं।

इस उपलब्धि के साथ हेजलवुड ऑस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। अब उनकी नजर मिचेल जॉनसन पर है, जिन्होंने 2007 से 2015 के बीच 73 टेस्ट मैचों में 313 विकेट लिए थे। साउथ अफ्रीका के खिलाफ अगले दो टेस्ट मैचों में हेजलवुड अगर तीन विकेट हासिल कर लेते हैं, तो वह जॉनसन को पीछे छोड़कर सातवें स्थान पर पहुंच जाएंगे।

व्यापार

मामूली गिरावट के साथ खुला शेयर बाजार



मुंबई (एजेंसी)। भारतीय शेयर बाजार की शुरुआत बुधवार को हल्की हल्की सुस्ती के साथ हुई। वैश्विक संकेतों और बिकवाली के दबाव के चलते बाजार के प्रमुख सूचकांक लाल निशान में कारोबार करते दिखे। सत्र के दौरान बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) का सेंसेक्स 100 अंकों से ज्यादा फिसल गया, वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) का निफ्टी भी 50 अंक से अधिक टूटकर ट्रेड करता नजर आया। हालांकि, इस मामूली गिरावट के बीच आईटी (IT) सेक्टर के शेयरों में जोरदार खरीदारी देखने को मिली, जिसने बाजार को संभालने की पूरी कोशिश की।

कारोबारी सत्र के शुरुआती पलों में बाजार के मुख्य सूचकांकों पर हल्का दबाव रहा। बीएसई सेंसेक्स 118.17 अंक यानी 0.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 72,915.61 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। वहीं, एनएसई निफ्टी 53.55 अंक यानी 0.24 प्रतिशत फिसलकर 22,668.40 के स्तर पर पहुंच गया। बाजार का एडवांस-डिक्लाइन रेशियो मिला-जुला रहा। शुरुआती कारोबार में 1,231 शेयरों में तेजी दर्ज की गई, जबकि 1,377 शेयर बिकवाली के चलते लाल निशान में आए और 162 शेयरों के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

IT शेयरों में चमक, निफ्टी आईटी 1.47% उछला

सेक्टरवार प्रदर्शन की बात करें तो आज केवल कुछ चुनिंदा सेक्टर्स को छोड़कर ज्यादातर इंडेक्स दबाव में रहे। आईटी सेक्टर में सबसे ज्यादा जोश देखा गया, जिसकी वजह से निफ्टी आईटी इंडेक्स 1.47 प्रतिशत की मजबूती के साथ 30,269.60 के स्तर पर हरे निशान में सबसे ऊपर रहा। वहीं, निफ्टी एफएमसीजी में 0.42% की हल्की बढ़त रही, जबकि निफ्टी बैंक (-0.30%), निफ्टी फिन सर्विस (-0.57%), निफ्टी फार्मा (-0.75%), निफ्टी पीएसयू बैंक (-0.97%) और निफ्टी रियल्टी (-0.49%) में सुस्ती छाई रही।

टॉप गेनर्स और लूजर्स स्टॉक्स

निफ्टी के दिग्गजों में आज आईटी और कंज्यूमर शेयरों ने बाजार का मोर्चा संभाला। टीसीएस (+2.91%), एचसीएल टेक्नोलॉजीज (+1.65%), इंफोसिस (+1.52%), नेस्ले इंडिया (+1.63%), कोल इंडिया (+1.22%) और टेक महिंद्रा (+1.19%) प्रमुख रूप से हरे निशान में कारोबार करते दिखे। वहीं, श्रीराम फाइनेंस (-1.33%), बजाज फाइनेंस (-0.83%), डॉ रेड्डीज लैब्स (-0.73%), बीएसई लिमिटेड (-1.03%), अदानी पोर्ट्स (-0.48%) और हिंडाल्को (-0.86%) बिकवाली के दबाव में नजर आए।

सऊदी अरब जाने वाली फ्लाइट्स पर लगा ब्रेक, एयर इंडिया और इंडिगो ने 17 अक्टूबर तक उड़ानें कीं सस्पेंड

नई दिल्ली (एजेंसी)। सऊदी अरब के रियाद के किंग खालिद इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर परिचालन निलंबित होने के बाद कई एयरलाइंस ने अपनी उड़ानें रोक दी हैं। इनमें एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस और इंडिगो जैसी भारतीय कंपनियां भी शामिल हैं। इन एयरलाइंस ने 17 अक्टूबर तक सऊदी अरब के कई शहरों के लिए उड़ानें निलंबित की हैं। इसके चलते यात्रियों को अपनी यात्रा के लिए वैकल्पिक रास्ते तलाशने पड़ रहे हैं।

रियाद स्थित भारतीय दूतावास की ओर से जारी एडवाइजरी के अनुसार, एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस और इंडिगो ने रियाद, दम्माम और जेद्दा के लिए अपनी सेवाएं निलंबित कर दी हैं। इंडिगो ने मदीना जाने वाली उड़ानें भी रोक दी हैं। अकासा एयर ने भी 17 अक्टूबर तक रियाद और जेद्दा के लिए उड़ानें स्थगित की हैं।इसका असर विदेशी एयरलाइंस पर भी पड़ा है। एमिरेट्स, एतिहाद, फ्लाईदुबई, कतर एयरवेज और गल्फ एयर ने भी सऊदी अरब के विभिन्न शहरों के लिए कई उड़ानें रद्द की हैं। लुफ्थांसा ग्रुप और एयर फ्रांस-केएलएम ने भी रियाद की सेवाओं को लेकर प्रतिबंध बढ़ाए हैं।

यह व्यवधान 10 अक्टूबर को रियाद एयरपोर्ट पर हुए हमले के बाद सामने आया। इस घटना में भारतीय नागरिक मोहम्मद यूसुफ अली की मौत हो गई, जबकि 11 अन्य लोग घायल हुए। भारतीय दूतावास के मुताबिक, घायल भारतीयों में चार आईसीयू में हैं, चार अस्पताल के सामान्य वार्ड में इलाज करा रहे हैं और तीन को छुट्टी मिल चुकी है।

पंजाब से बिहार के लिए चलेंगी 2 स्पेशल ट्रेनें, दिवाली-छठ पर घर जाना होगा आसान

नई दिल्ली (एजेंसी)। त्योहारों के दौरान ट्रेनों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए उत्तर रेलवे ने पंजाब से बिहार के लिए दो आरक्षित फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनें चलाने का फैसला किया है। ये ट्रेनें अमृतसर से छपरा और छेहरटा से मुजफ्फरपुर के बीच चलेंगी। इनका संचालन 19 अक्टूबर से शुरू होगा और अगले सात सप्ताह तक हर सोमवार को किया जाएगा। इन ट्रेनों से यात्रियों को त्योहार के समय घर पहुंचने के लिए एक्स्ट्रा ऑप्शन मिलेगा।

पंजाब से बिहार के लिए दो स्पेशल ट्रेनें

रेलवे की ओर से ट्रेन नंबर 04638/04637 अमृतसर-छपरा स्पेशल और ट्रेन नंबर 04640/04639 छेहरटा-मुजफ्फरपुर स्पेशल की अधिसूचना जारी की गई है। दोनों ट्रेनें पूरी तरह आरक्षित होंगी। इनके संचालन की जिम्मेदारी फिरोजपुर मंडल के अंतर्गत होगी। रेलवे नियमित रूप से खाली रहने वाले कोच रेक का इस्तेमाल कर इन ट्रेनों को चलाएगा।

अमृतसर-छपरा स्पेशल ट्रेन का शेड्यूल

ट्रेन नंबर 04638 अमृतसर-छपरा स्पेशल प्रत्येक सोमवार को शाम 7:40 बजे अमृतसर से रवाना होगी और मंगलवार रात 8:45 बजे छपरा पहुंचेगी। वहीं, वापसी में ट्रेन नंबर 04637 छपरा-अमृतसर स्पेशल मंगलवार रात 10:15 बजे छपरा से चलेगी और गुरुवार तड़के 12:20 बजे अमृतसर पहुंचेगी। यह ट्रेन अंबाला, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, गोंडा और गोरखपुर के रास्ते बिहार पहुंचेगी। गोरखपुर के बाद इसके प्रमुख स्टॉपेज कप्तानगंज, पडरौना, तमकुही रोड, थावे, सीवान और एकमा होंगे।

छेहरटा-मुजफ्फरपुर स्पेशल का टाइम टेबल

ट्रेन नंबर 04640 छेहरटा-मुजफ्फरपुर स्पेशल प्रत्येक सोमवार सुबह 8:35 बजे छेहरटा से रवाना होगी। यह सुबह 9:10 बजे अमृतसर से चलकर मंगलवार दोपहर 1:10 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी। वहीं, वापसी में ट्रेन नंबर 04639 मुजफ्फरपुर-छेहरटा स्पेशल मंगलवार शाम 4 बजे मुजफ्फरपुर से रवाना होगी और बुधवार रात 9:30 बजे छेहरटा पहुंचेगी। इस ट्रेन का रूट भी अंबाला, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, गोंडा और गोरखपुर से होकर गुजरेगा। गोरखपुर के बाद ट्रेन कप्तानगंज, सिसवा बाजार, बगहा, नरकटियागंज, बेतिया और सगौली जैसे प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी।

फ्री कॉल, सस्ता इंटरनेट और 170 दिनों में 10 करोड़ यूजर्स, कैसे Jio ने भारत में मचा दी थी हलचल? IPO से पहले जानिए पूरी कहानी



मुंबई (एजेंसी)। भारत में मोबाइल फोन और इंटरनेट का इस्तेमाल आज आम बात है, लेकिन एक समय ऐसा भी था जब कॉलिंग और मोबाइल डेटा पर लोगों को काफी पैसा खर्च करना पड़ता था। फिर साल 2016 में मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस जियो (Jio) ने टेलीकॉम मार्केट में कदम रखा। फ्री वॉयस कॉलिंग और बेहद सस्ते डेटा के साथ कंपनी ने ऐसा बदलाव शुरू किया, जिसने करोड़ों भारतीयों के मोबाइल इस्तेमाल करने का तरीका बदल दिया। महज 170 दिनों में 10 करोड़ यूजर्स तक पहुंचने वाली जियो की कहानी अब उसके संभावित आईपीओ को लेकर भी चर्चा में है।

फ्री कॉलिंग ने बदल दिया टेलीकॉम बाजार

जियो की एंट्री से पहले मोबाइल कॉलिंग और इंटरनेट के लिए ग्राहकों को अलग-अलग शुल्क चुकाना पड़ता था। कंपनी ने अपनी शुरुआती पेशकश में मुफ्त वॉयस कॉलिंग और डेटा उपलब्ध कराया। इससे मोबाइल इंटरनेट का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा और दूसरी टेलीकॉम कंपनियों पर भी अपनी सेवाओं की कीमतों और प्लान में बदलाव करने का दबाव पड़ा। जियो का लक्ष्य सिर्फ ज्यादा ग्राहकों को जोड़ना नहीं था, बल्कि संचार सेवाओं को ज्यादा से ज्यादा भारतीयों की पहुंच में लाना भी था। सस्ते डेटा ने वीडियो देखने, ऑनलाइन पढ़ाई करने और डिजिटल सेवाओं का इस्तेमाल करने को आसान बनाया।

170 दिनों में जुड़ गए 10 करोड़ यूजर्स

जियो की शुरुआती कामयाबी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कंपनी ने सिर्फ 170 दिनों में 10 करोड़ ग्राहकों का आंकड़ा छू लिया। यह तेजी भारतीय टेलीकॉम बाजार में एक बड़ा बदलाव थी। कंपनी के मुताबिक, जियो के आने के बाद भारत मोबाइल ब्रॉडबैंड के इस्तेमाल के मामले में दुनिया के शीर्ष देशों में शामिल होने लगा। पहले जहां इंटरनेट का इस्तेमाल महंगा होने के कारण कई लोग इससे दूर रहते थे, वहीं कम कीमत वाले डेटा ने नए यूजर्स के लिए रास्ता खोला।

छोटे शहरों और दूरदराज के इलाकों तक पहुंच

जियो ने अपना नेटवर्क केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं रखा। कंपनी ने पहाड़ी इलाकों, जंगलों और आदिवासी बस्तियों तक कनेक्टिविटी पहुंचाने पर भी जोर दिया। ऐसे क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क का महत्व सिर्फ मनोरंजन या सोशल मीडिया तक सीमित नहीं है। जरूरत पड़ने पर लोग अपने परिवार से संपर्क कर सकते हैं, स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ सकते हैं और डिजिटल अवसरों तक पहुंच बना सकते हैं।

कोरोना काल में इंटरनेट बना सहारा

साल 2020 में कोरोना महामारी और लॉकडाउन के दौरान इंटरनेट की अहमियत और बढ़ गई। स्कूलों की पढ़ाई ऑनलाइन होने लगी, कई कंपनियों ने घर से काम करने की व्यवस्था अपनाई और डॉक्टरों से सलाह के लिए डिजिटल माध्यमों का इस्तेमाल बढ़ा। इस दौरान मोबाइल नेटवर्क ने परिवारों को एक-दूसरे से जुड़े रहने में भी मदद की। बच्चे ऑनलाइन पढ़ाई कर सके और कई लोगों ने डिजिटल माध्यम से अपना काम जारी रखा। जियो सहित टेलीकॉम कंपनियों की सेवाएं इस बदलाव का महत्वपूर्ण हिस्सा बनीं।

IPO से पहले क्यों चर्चा में है जियो?

जियो की यात्रा अब आईपीओ के संदर्भ में भी महत्वपूर्ण हो गई है। कंपनी ने अपनी शुरुआत सस्ती कॉलिंग और डेटा से की थी, लेकिन समय के साथ डिजिटल सेवाओं और कनेक्टिविटी का महत्व बढ़ा है। आईपीओ के जरिए कंपनी के शेयर आम निवेशकों के लिए उपलब्ध होने की संभावना बाजार की दिलचस्पी बढ़ाती है। जियो की अब तक की कहानी यह दिखाती है कि सस्ती सेवाएं, बड़े पैमाने पर नेटवर्क विस्तार और डिजिटल जरूरतों ने भारत के टेलीकॉम बाजार को किस तरह बदलने में भूमिका निभाई।

फिल्मी तर्ज पर "बिच्छू गैंग' बनाने वाले असामाजिक तत्व पुलिस की गिरफ्त में

पर्यटकों की सुरक्षा एवं सम्मान सर्वोपरि, सरोधा बांध में भय का वातावरण बनाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही



कवर्धा (दैनंदिनी ब्यूरो)। कबीरधाम जिले में आम नागरिकों एवं पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव के निर्देशन एवम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार के मार्गदर्शन में कबीरधाम पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ ऐसे व्यक्तियों की गतिविधियों पर भी निगरानी रखी जा रही है, जो आम नागरिकों एवं पर्यटकों को डराने-धमकाने अथवा कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने का प्रयास करते हैं।

सरोधा बांध कबीरधाम जिले का एक प्रमुख पर्यटन स्थल है, जहां प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। यहां आने वाले पर्यटकों को सुरक्षित एवं भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराना कबीरधाम पुलिस की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से पुलिस द्वारा पर्यटन स्थल पर आम नागरिकों की सुरक्षा को प्रभावित करने वाली गतिविधियों पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

जानकारी के अनुसार, कुछ असामाजिक तत्वों ने समूह बनाकर स्वयं को 'बिच्छू गैंग' नाम दिया था। इस समूह में लगभग सात से आठ युवक जुड़े हुए बताए गए हैं, जो सरोधा बांध आने वाले पर्यटकों को धारदार हथियार दिखाकर डराने-धमकाने तथा उनसे पैसे वसूलने जैसी गतिविधियों में संलिप्त थे। इस प्रकार की गतिविधियों से पर्यटकों को परेशानी का सामना करना पड़ता था।

उक्त समूह से जुड़े कुछ व्यक्तियों के विरुद्ध पूर्व में भी वैधानिक कार्यवाही की जा चुकी है। इसी क्रम में दिनांक 13 अक्टूबर को सरोधा बांध के पास धारदार हथियार लेकर आम नागरिकों एवं पर्यटकों को भयभीत करने वाले तीन व्यक्तियों के विरुद्ध कबीरधाम पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया गया।

सूचना मिलते ही पुलिस की त्वरित कार्यवाही, धारदार हथियार लेकर घूम रहे तीन आरोपी पकड़े गए

थाना सिटी कोतवाली पुलिस को सरोधा बांध के पास अलग-अलग व्यक्तियों द्वारा धारदार हथियार लहराकर आम नागरिकों एवं पर्यटकों को डराने-धमकाने की सूचना प्राप्त हुई।

सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम तत्काल सक्रिय हुई और गवाहों के साथ मौके पर पहुंचकर अलग-अलग कार्यवाहियां कीं। पुलिस टीम ने मौके पर धारदार हथियार लेकर लहरा रहे तीन व्यक्तियों को पकड़ा तथा उनके विरुद्ध संबंधित अपराधों में वैधानिक कार्यवाही की।

पुलिस की इस कार्यवाही से स्पष्ट संदेश दिया गया है कि पर्यटन स्थल पर आने वाले नागरिकों को भयभीत करने, सार्वजनिक स्थान पर हथियार लहराने अथवा असामाजिक गतिविधियों के माध्यम से लोगों की सुरक्षा प्रभावित करने वालों के विरुद्ध पुलिस तत्परता से कार्यवाही करेगी।

गिरफ्तार किये गए आरोपियों में

शंकर धुर्वे पिता गणेश धुर्वे, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम छांटा, थाना पिपरिया, जिला कबीरधाम आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 470/2026, धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

अशोक मरकाम पिता बजरहा मरकाम, उम्र 21 वर्ष, निवासी ग्राम मन्नाबेदी, थाना भोरमदेव, जिला कबीरधाम आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 471/2026, धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई एवम

देवकुमार पटेल उर्फ गब्बर पिता उगेश पटेल, उम्र 18 वर्ष, निवासी ग्राम रौचन, थाना भोरमदेव, जिला कबीरधाम आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 469/2026, धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

तीनों आरोपियों से एक-एक धारदार लोहे का हथियार जप्त

पुलिस टीम द्वारा तीनों आरोपियों के कब्जे से एक-एक नग धारदार लोहे का हथियार गवाहों की उपस्थिति में विधिवत जप्त कर सीलबंद किया गया। तीनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। प्रकरणों में अग्रिम विवेचना जारी है।

महाविद्यालय को विशेष मतदाता पंजीयन एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



गरियाबंद (दैनंदिनी ब्यूरो)। भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम (स्वीप) के अंतर्गत शासकीय वीर सुरेन्द्रसाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गरियाबंद में दिनांक 14 अक्टूबर 2026 को विशेष मतदाता पंजीयन एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत 18 वर्ष से अधिक आयु के लगभग 200 छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म-6 भरवाया गया। इस पहल का उद्देश्य पात्र युवाओं को मतदाता सूची में पंजीकृत कराना तथा उन्हें अपने लोकतांत्रिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम में जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणवीर शर्मा, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती ऋचा ठाकुर तथा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सुश्री हितेश्वरी वाघे सहित तहसीलदार एवं संबंधित बूथ लेवल अधिकारी (BLO) उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर रणवीर शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता सूची में नाम दर्ज होना तथा मतदान प्रक्रिया में जागरूकता के साथ भाग लेना आवश्यक है। उन्होंने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके विद्यार्थियों को अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने और अन्य पात्र युवाओं को भी इसके लिए प्रेरित करने का संदेश दिया। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को करियर निर्माण एवं भविष्य में लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया।

मतदाता जागरूकता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से महाविद्यालय के निर्वाचक साक्षरता क्लब (ELC) के सदस्य छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक रंगोली बनाई गई। रंगोली के माध्यम से मतदान के महत्व, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा प्रत्येक मतदाता की जिम्मेदारी को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों की इस गतिविधि ने कार्यक्रम को प्रभावी एवं जनजागरूकतापरक बनाया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक संजय यादव, सी.एल. तारक, गौतम कुर्रे, प्रदीप निर्मलकर, एस.के. बंजारे, गौतमचंद ठाकुर, डॉ. सत्यम कुंभकार, भुवनेश्वर कुर्रे, सुश्री दीपशिखा टोप्पो, डॉ. उष्मा खाण्डेकर, डॉ. प्रीतम, भेषण एवं श्रीमती मधुवाला मिश्रा सहित अन्य प्राध्यापकगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के स्वीप नोडल अधिकारी प्रोफेसर प्रेमानंद महिलांग द्वारा किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से युवा मतदाताओं को पंजीयन के लिए प्रोत्साहित करने, मतदान के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का संदेश दिया गया।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कवर्धा में मां महामाया और मां विंध्यवासिनी के दर्शन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की



कवर्धा (दैनंदिनी ब्यूरो)। उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक श्री विजय शर्मा ने आज नवरात्रि के अवसर पर कबीरधाम जिले के विभिन्न देवी मंदिरों में दर्शन एवं पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली और कल्याण की कामना की। उन्होंने कवर्धा स्थित प्रसिद्ध मां महामाया मंदिर और मां विंध्यवासिनी मंदिर पहुंचकर माता रानी का आशीर्वाद लिया।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने सर्वप्रथम मां महामाया मंदिर पहुंचकर माता के दर्शन किए और विधिवत पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात उन्होंने मां विंध्यवासिनी मंदिर में दर्शन कर प्रदेश एवं कबीरधाम जिले की सुख-शांति, समृद्धि और निरंतर प्रगति की कामना की।

मां विंध्यवासिनी मंदिर में निर्माणाधीन ज्योति कलश भवन का किया निरीक्षण

उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने मां विंध्यवासिनी मंदिर परिसर में निर्माणाधीन ज्योति कलश भवन का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने भवन निर्माण से जुड़ी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

ज्योति कलश भवन के निर्माण से मंदिर परिसर में धार्मिक आयोजनों और श्रद्धालुओं की सुविधाओं के विस्तार में सहायता मिलेगी।

छिरपानी कॉलोनी के मां दुर्गा पंडाल में किए दर्शन

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कवर्धा के छिरपानी कॉलोनी स्थित मां दुर्गा पंडाल पहुंचकर माता रानी के दर्शन किए और पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। उन्होंने श्रद्धालुओं से मुलाकात भी की।

1 नवंबर से खुलेगा अचानकमार टाइगर रिजर्व पर्यटक फिर कर सकेंगे जंगल सफारी की सैर

जिप्सी, 'महारानी' और 'योद्धा' वाहनों से रोमांचक सफर का मिलेगा अवसर शिवतराई स्थित बैगा रिसॉर्ट में ठहरने की भी सुविधा

लोरमी (दैनंदिनी ब्यूरो)। वन्यजीव प्रेमियों और प्रकृति के करीब समय बिताने के इच्छुक पर्यटकों के लिए अच्छी खबर है। अचानकमार टाइगर रिजर्व में आगामी 01 नवंबर से जंगल सफारी शुरू होने जा रही है। सफारी शुरू होने से पर्यटक एक बार फिर जंगल की प्राकृतिक सुंदरता और समृद्ध वन्यजीव संसार को करीब से देखने का अनुभव ले सकेंगे। पर्यटकों की सुविधा के लिए टाइगर रिजर्व प्रबंधन द्वारा सफारी वाहनों, ऑनलाइन अग्रिम बुकिंग और ठहरने की व्यवस्था की गई है। सफारी के लिए पर्यटकों को जिप्सी के साथ 'महारानी' और 'योद्धा' नामक वाहनों की सुविधा उपलब्ध होगी। पर्यटक अपनी सुविधा के अनुसार अग्रिम बुकिंग कराकर जंगल सफारी का आनंद ले सकते हैं। सफारी बुकिंग और पर्यटन से संबंधित जानकारी के लिए प्रबंधन ने संपर्क नंबर भी जारी किए हैं।

बैगा रिसॉर्ट शिवतराई में ठहरने की सुविधा

अचानकमार घूमने आने वाले पर्यटकों के ठहरने के लिए शिवतराई स्थित बैगा रिसॉर्ट में 14 सामान्य कमरे और 04 प्रीमियम कमरे उपलब्ध हैं। पर्यटक रिसॉर्ट एवं सफारी से संबंधित बुकिंग और अन्य जानकारी आधिकारिक वेबसाइट www.achanakmartigerreserve.com के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं। अग्रिम बुकिंग कराने से पर्यटकों को अपनी यात्रा की योजना बनाने में सुविधा होगी।



समृद्ध वन्यजीव और प्राकृतिक सुंदरता है खास आकर्षण

अचानकमार टाइगर रिजर्व लगभग 914.017 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है। वर्ष 2009 में इसे टाइगर रिजर्व घोषित किया गया था। यहां बाघ, गौर, भारतीय तेंदुआ, भालू, कोटरी, चीतल, जंगली सूअर, सोनकुत्ता और सियार सहित अनेक वन्यजीव पाए जाते हैं। जंगल की जैव विविधता और प्राकृतिक वातावरण इसे वन्यजीव प्रेमियों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनाते हैं।

सड़क और रेल मार्ग से पहुंचना सुविधाजनक

अचानकमार टाइगर रिजर्व के शिवतराई सफारी गेट तक सड़क मार्ग से पहुंचा जा सकता है। रेल मार्ग से आने वाले पर्यटकों के लिए बिलासपुर और करगी रोड कोटा प्रमुख नजदीकी रेलवे स्टेशन हैं।

जनता की समस्याओं का समाधान शासन प्रशासन की प्राथमिकता: अरूण साव

जनदर्शन में उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने सुनी आम नागरिकों की समस्याएं



लोरमी (दैनंदिनी ब्यूरो)। आम नागरिकों की समस्याओं, मांगों एवं शिकायतों को सुनकर उनके निराकरण के लिए शासन-प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से लोरमी रेस्ट हाउस में जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने जनदर्शन में पहुंचे आम नागरिकों से सीधे संवाद किया और उनकी समस्याओं, मांगों एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना। उन्होंने नागरिकों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा तथा प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागों के माध्यम से नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। जनदर्शन कार्यक्रम में क्षेत्र के नागरिकों को अपनी समस्याएं सीधे उप मुख्यमंत्री के समक्ष रखे। इस दौरान लोगों ने अपनी आवश्यकताओं, स्थानीय समस्याओं और विकास से जुड़ी मांगों को सामने रखा।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने नागरिकों की बातों को सुनते हुए उनके आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि आम जनता की समस्याओं का समाधान शासन की प्राथमिकता है और लोगों को अपनी जायज मांगों के निराकरण के लिए अनावश्यक परेशानी न हो, इसके लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। जनदर्शन में 520 से अधिक आवेदकों ने डिप्टी सीएम के समक्ष अपनी मांगें एवं समस्याएं रखीं। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने ग्राम तुलसाघाट निवासी लाल दास खाण्डेकर की मांग पर तत्काल श्रवण यंत्र प्रदान कर लाभान्वित किया। इसके साथ ही ग्राम लाखासार निवासी हितेश साहू को आय प्रमाण पत्र प्रदान किया। उन्होंने शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर सभी नागरिकों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने कामना की कि मां दुर्गा की कृपा से सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली आए। उन्होंने इस पावन पर्व को आस्था, श्रद्धा और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक बताते हुए सभी के सुखमय जीवन की कामना की।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए विभिन्न क्षेत्रों में विकास एवं निर्माण कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। विकास कार्यों के माध्यम से नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप अधोसंरचना को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देते हुए आवश्यकतानुसार कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास में आम नागरिकों की आवश्यकताओं और सुझावों का महत्वपूर्ण योगदान है। जनदर्शन जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों की समस्याओं को सीधे सुनने और उनके समाधान की दिशा में आवश्यक पहल करने का अवसर मिलता है। शासन की मंशा है कि आम नागरिकों को योजनाओं और विकास कार्यों का लाभ मिले तथा उनकी समस्याओं का नियमानुसार निराकरण हो। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने धान खरीदी को लेकर भी कहा कि किसानों को धान विक्रय के दौरान किसी प्रकार की अनावश्यक परेशानी न हो, इसके लिए संबंधित स्तरों पर आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। धान खरीदी प्रदेश के किसानों से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है, इसलिए इसकी व्यवस्थाओं को व्यवस्थित एवं सुचारू बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, वनमंडलाधिकारी तन्यम कौशिक, लोरमी एसडीएम श्रीमती रेखा चंद्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

बीस सूत्रीय मांगों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने नगरपालिका का किया घेराव

गरियाबंद(दैनंदिनी ब्यूरो)। गरियाबंद नगर पालिका क्षेत्र में व्याप्त गंदगी, कथित भ्रष्टाचार,अनियमितताओं और गुणवत्ताहीन निर्माण कार्यों के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने नगरपालिका के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बीस सूत्रीय मांगों को लेकर नगरपालिका का घेराव किया।इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार,राज्य सरकार और नगरपालिका प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के अंत में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगरीय प्रशासन मंत्री का पुतला दहन कर अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन नगरीय प्रशासन सचिव और कलेक्टर के नाम तहसीलदार को सौंपा।

नगरपालिका घेराव से पहले जिला कांग्रेस कार्यालय में सभा का आयोजन किया गया।सभा को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने कहा कि गरियाबंद शहर आज गंदगी और अव्यवस्थाओं से जूझ रहा है। उन्होंने नगरपालिका के कामकाज पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि नगर में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के कारण आम नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बेसरा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने इससे पहले भी विभिन्न माध्यमों से नगरपालिका प्रशासन का ध्यान इन समस्याओं की ओर आकर्षित करने का प्रयास किया है। इसके बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं होने के कारण पार्टी को जनता के हित में सड़क पर उतरकर आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। उन्होंने कहा कि शहर में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने,निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और विकास कार्यों में पारदर्शिता लाने की आवश्यकता है। कांग्रेस अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि यदि वर्तमान आंदोलन के बाद भी मांगों पर कार्रवाई नहीं की गई,तो आने वाले समय में पार्टी उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। सभा समाप्त होने के बाद सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता पैदल रैली निकालते हुए नगरपालिका घेराव के लिए रवाना हुए। प्रदर्शनकारी तिरंगा चौक और बस स्टैंड होते हुए नगरपालिका कार्यालय की ओर पहुंचे।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण जनता को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **AYAPPA SWAMI INFRACON,** एक साझेदारी फर्म, जिसका मुख्य व्यवसाय स्थल **डी.डी. नगर पुलिस स्टेशन के पास, रिंग रोड नं. 01, रायपुरा चौक, रायपुर (छत्तीसगढ़)** में स्थित है, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 366 तथा उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के प्रावधानों के अनुसार एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के रूप में पंजीकृत होने का प्रस्ताव रखती है।

प्रस्तावित कंपनी का नाम **AYAPPA SWAMI INFRACON PRIVATE LIMITED** है, जो कंपनी रजिस्ट्रार द्वारा अनुमोदित किए जाने के अधीन है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त फर्म के प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के रूप में पंजीकरण/परिवर्तन पर कोई आपत्ति हो, तो वह अपनी आपत्ति के समर्थन में आवश्यक दस्तावेजों सहित, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से निर्धारित अवधि के भीतर, नीचे उल्लिखित पते पर अधोहस्ताक्षरी को अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

For, AYAPPA SWAMI INFRACON
वेद प्रताप सिंह
जी-1420, फुटबॉल हाउस के पास, मिलेनियम चौक, सुंदरनगर, रायपुर (छत्तीसगढ़) - 492001
ई-मेलः vedsingh85@yahoo.in
मोबाइलः 9329959000
दिनांक- 13.10.2026
स्थान- रायपुर (छ.ग.)

कार्टून समाज को जागरूक करने के साथ सोचने और आत्ममंथन के लिए करता है प्रेरित : मुख्यमंत्री साय

रायपुर ■ दैनन्दिनी

कार्टून केवल हास्य और मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि लोकतंत्र और समाज का सशक्त दर्पण है। यह गंभीर विषयों, सामाजिक परिस्थितियों और विसंगतियों को हास्य एवं व्यंग्य के माध्यम से सहजता से जनमानस तक पहुंचाने वाली प्रभावशाली रचनात्मक विधा है। कई बार जो बात हजारों शब्दों में कहना कठिन होता है, उसे एक प्रभावशाली कार्टून बड़ी सरलता और गहराई के साथ अभिव्यक्त कर देता है। कार्टून समाज को हंसाने के साथ सोचने, समझने और आत्ममंथन के लिए भी प्रेरित करता है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने राजधानी रायपुर में कार्टून वॉच पत्रिका द्वारा आयोजित कार्टून फेस्टिवल-2026 को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि कला और साहित्य किसी भी समाज की चेतना के वाहक होते हैं। कार्टून इस दृष्टि से विशिष्ट कला है, जिसमें चित्र, विचार, हास्य और व्यंग्य का अद्भुत समन्वय दिखाई देता है। एक कार्टूनिस्ट अपने सूक्ष्म अवलोकन और रचनात्मक दृष्टि से सामाजिक घटनाओं को ऐसा स्वरूप देता है, जो लंबे समय तक लोगों की स्मृति में बना रहता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में कार्टून जनभावनाओं, जनअपेक्षाओं और सामाजिक सरोकारों को अभिव्यक्ति देने का भी सशक्त माध्यम है। मुख्यमंत्री ने भारतीय कार्टून कला की समृद्ध परंपरा का उल्लेख करते हुए महान कार्टूनिस्ट आर.के. लक्ष्मण के योगदान को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि आर.के. लक्ष्मण का प्रसिद्ध 'कॉमन मैन' केवल एक कार्टून चरित्र नहीं, बल्कि देश के सामान्य नागरिक की आशाओं, अपेक्षाओं, जिज्ञासाओं और चिंताओं की पहचान



बन गया। स्वतंत्रता के बाद बदलते भारत और उसकी सामाजिक परिस्थितियों को उन्होंने जिस प्रभावशाली ढंग से अभिव्यक्त किया, वह भारतीय पत्रकारिता और कार्टून कला की अमूल्य विरासत है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने बस्तर सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में कार्टून कला को प्रोत्साहित करने के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इससे दूरस्थ अंचलों की प्रतिभाओं को भी अपनी रचनात्मकता प्रदर्शित करने और इस विधा से जुड़ने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कार्टून फेस्टिवल-2026 में जयपुर के प्रख्यात कार्टूनिस्ट श्री अभिषेक तिवारी को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी कलाकार की दीर्घकालीन साधना और रचनात्मक योगदान का सम्मान पूरी कला विधा का सम्मान है और इससे नई पीढ़ी को उत्कृष्टता की ओर बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने युवा कार्टूनिस्टों का आह्वान करते हुए कहा कि नई पीढ़ी में प्रतिभा, कल्पनाशीलता और तकनीक की अपार संभावनाएं हैं। डिजिटल माध्यमों के विस्तार ने रचनात्मक अभिव्यक्ति के नए मंच उपलब्ध कराए हैं। युवा कलाकार अपनी मौलिकता और रचनात्मक दृष्टि को बनाए रखते हुए इन अवसरों का उपयोग करें और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करें।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की पहचान अपनी समृद्ध कला, संस्कृति, साहित्य और रचनात्मक परंपराओं से है। राज्य सरकार इनके संरक्षण एवं संवर्धन के साथ कलाकारों और रचनाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्टून फेस्टिवल जैसे आयोजन स्थापित कलाकारों के अनुभव और युवा प्रतिभाओं की ऊर्जा को एक मंच पर लाकर कला एवं समाज के बीच रचनात्मक संवाद को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के दौरान सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के व्यक्तित्व, नेतृत्व और सेवा यात्रा पर आधारित कार्टून कॉफी टेबल बुक का विमोचन भी किया गया। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि कार्टून के माध्यम से किसी व्यक्तित्व और उसकी यात्रा को प्रस्तुत करना अभिव्यक्ति का विशिष्ट और रोचक माध्यम है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कार्टून वॉच पत्रिका के प्रकाशन के 30 वर्ष पूर्ण होने और 31वें वर्ष में प्रवेश करने पर पत्रिका के संपादक श्री त्र्यंबक शर्मा सहित पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि तीन दशकों तक कार्टून जैसी विशिष्ट रचनात्मक विधा को समर्पित पत्रिका का निरंतर प्रकाशन उल्लेखनीय उपलब्धि है। कार्टून वॉच ने इस कला के संरक्षण एवं संवर्धन के साथ देशभर के स्थापित और नवोदित कार्टूनिस्टों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए सशक्त मंच उपलब्ध कराया है।

परिवहन सुविधाओं का विस्तार

जशपुरनगर में 11.83 करोड़ से बनेगा हाईटेक बस स्टैंड

तीन एकड़ में होगा निर्माण, 40 बसों के ठहराव और 40 दुकानों की रहेगी व्यवस्था



रायपुर ■ दैनन्दिनी

जशपुर जिले में सार्वजनिक परिवहन सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर जिला मुख्यालय जशपुरनगर में 11 करोड़ 83 लाख 62 हजार रुपये की लागत से हाईटेक बस स्टैंड का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए स्वीकृति मिल चुकी है और वर्तमान में टेंडर प्रक्रिया जारी है। लगभग तीन एकड़ क्षेत्र में बनने वाला यह आधुनिक बस टर्मिनल यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ शहर की परिवहन व्यवस्था को व्यवस्थित करने में मदद करेगा।

पुराने मवेशी बाजार परिसर में होगा निर्माण

जशपुरनगर के वार्ड क्रमांक 8 स्थित पुराने मवेशी बाजार परिसर में प्रस्तावित बस स्टैंड में एक साथ 35 से 40 बसों के खड़े होने की व्यवस्था होगी। यहां आधुनिक यात्री प्रतीक्षालय, वेटिंग हॉल, टिकट काउंटर, लिफ्ट, आधुनिक शौचालय और डिजिटल सूचना स्क्रीन जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके अलावा परिसर में 40 दुकानों का निर्माण भी प्रस्तावित है। इससे यात्रियों को आवश्यक वस्तुएं और सेवाएं उपलब्ध होंगी तथा स्थानीय व्यापार और रोजगार को बढ़ावा मिलने की संभावना है।

कुनकुरी-पत्थलगांव में भी बनेंगे आधुनिक बस स्टैंड

जिले में सार्वजनिक परिवहन सुविधाओं के विस्तार के लिए कुनकुरी और पत्थलगांव में भी आधुनिक बस स्टैंड निर्माण की स्वीकृति दी गई है। वहीं, बंदरचुआ और दुलदुला में एक-एक करोड़ रुपये की लागत से बस स्टैंड का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच आवागमन सुगम होगा। यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलने के साथ स्थानीय व्यापार, रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है।

प्रतिदिन पांच हजार से अधिक यात्रियों को मिलेगा लाभ

जशपुर जिला मुख्यालय के बस स्टैंड से प्रतिदिन 100 से अधिक बसों का आवागमन होता है और पांच हजार से अधिक यात्री सफर करते हैं। यहां से जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के अलावा झारखंड, ओडिशा, बिहार और पश्चिम बंगाल सहित अन्य स्थानों के लिए बस सेवाएं संचालित होती हैं।

यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए आधुनिक बस स्टैंड की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। नए बस टर्मिनल से बसों का ठहराव और संचालन व्यवस्थित होगा। साथ ही महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों और दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। इससे शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने में भी मदद मिलेगी।

ग्रामीण क्षेत्रों से संपर्क होगा मजबूत

जशपुरनगर में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार, रोजगार और शासकीय कार्यों के लिए पहुंचते हैं। आधुनिक बस स्टैंड बनने से इन यात्रियों को सुविधाजनक परिवहन व्यवस्था मिलेगी।

बुजुर्ग महिला को डिजिटल अरेस्ट कर 7 लाख ठगे

रायपुर ■ दैनन्दिनी

देशभर में डिजिटल अरेस्ट के मामले तेजी से सामने आ रहे हैं. छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में शातिरों ने बुजुर्ग महिला को अपने शिकार बनाया है. ठगों ने खुद को नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) का अधिकारी बताया और 5 दिन तक मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तारी का डर दिखाकर डिजिटल अरेस्ट में रखा. कार्रवाई से बचने के लिए पीड़िता से 7 लाख रूपये ऐंठ लिए गए. जानकारी के मुताबिक, गंज थाना इलाके में स्टेशन रोड के नर्मदापारा निवासी रीता खन्ना (62) की मंशीनरी दुकान है. उनका एक बेटा अमेरिका और दूसरा बेटा देहरादून में रहते हैं. 7 अक्टूबर को उनके पास व्हाट्सएप पर कॉल आया. सामने से व्यक्ति ने खुद का परिचय महाराष्ट्र एनआईए का अधिकारी विक्रम सिंह के तौर पर दिया. उसने कहा कि आपके आधार नंबर से फर्जी बैंक खाता खोलकर मनी लॉन्ड्रिंग की जा रही है. साथ ही गिरफ्तारी वारंट भेजकर कार्रवाई का डर दिखाया।

शातिर ठग ने महिला से उनके परिवार, संपत्ति, बैंक खाते और एफडी की पूरी जानकारी ली. गिरफ्तारी से बचाने और एनओसी दिलाने के नाम पर रकम मांगी. बैंक में तीन दिन छुट्टी होने के कारण महिला तुरंत पैसे ट्रांसफर नहीं करा सकी. डर के चलते महिला ने 9 अक्टूबर को केनरा बैंक में अपनी एफडी तुड़वाने की प्रक्रिया शुरू कर दी. बैंक की छुट्टियों के दौरान भी ठग फोन कर उन्हें लगातार निर्देश देते रहे. 12 अक्टूबर को आरोपियों ने महिला से एचडीएफसी बैंक में पैसे ट्रांसफर करने को कहा. इसके बाद वीडियो कॉल के जरिए उनसे आरटीजीएस फॉर्म भरवाया गया. फॉर्म में महाकाली मेटल नाम के खाते का नंबर दर्ज कराकर ठगों ने महिला से 7 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए. रकम भेजने के बाद महिला ने ट्रांजेक्शन की रसीद भी व्हाट्सएप के जरिए ठगों को भेज दी।

ठगों ने महिला का भरोसा जीतने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नाम से एक फर्जी सर्टिफिकेट भी भेजा. हालांकि, जब महिला को एनओसी नहीं मिली तो उन्हें ठगी का संदेह हुआ. इसके बाद उन्होंने गंज थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और संबंधित बैंक खाते की जांच की जा रही है।

मोदी सरकार अपना लोकतांत्रिक चरित्र खो चुकी है : दीपक बैज

रायपुर ■ दैनन्दिनी

देश की राजधानी दिल्ली में हो रहे प्रदर्शनों पर जिस प्रकार से पुलिस बल और सुरक्षा बलों का प्रयोग किया गया उससे साफ हो गया कि मोदी सरकार अपना लोकतांत्रिक चरित्र खो चुकी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि दिल्ली में युवा छात्र और विपक्षी दलों के लोग लोकतंत्र को बचाने और देश की चुनावी प्रणाली में गड़बड़ी तथा वोट चोरी के खिलाफ आवाज उठा रहे। लेकिन छात्राओं और महिला प्रदर्शनकारियों के साथ जो बल प्रयोग किया गया, अभद्रता की गयी वह बताता है कि भाजपा इस विरोध से तिलमिला गयी है तथा लोकतांत्रिक विरोध की आवाज को दमन किया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि जनता के वोट के अधिकार और निष्पक्ष चुनाव की मांग करने वालों पर यह बर्बरता और दमनकारी रवैया क्यों अपनाया जा रहा है? क्या लोकतंत्र में शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना और सवाल पूछना अब अपराध हो गया है? वोट चोरी के आरोपों का जवाब तथ्यों और निष्पक्ष जाँच से देने के बजाय सरकार लाठियों के पीछे क्यों छिप रही है? जो सरकार जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा नहीं कर सकती, उसे सत्ता में बने रहने का क्या नैतिक अधिकार है? देश के गद्दार और लोकतंत्र के आरोपी ज्ञानेश कुमार को बचाने भाजपा सरकार निर्ममता पूर्वक बर्बरता पर उतर आई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि देश के युवाओं, छात्रों और आम नागरिकों का गुस्सा राजधानी दिल्ली की सड़कों पर दिख रहा था।

हिमालया बेबीकेयर ने लॉन्च किया 'पहले स्पर्श के लिए पहला भरोसा' कैंपेन

रायपुर। हिमालया बेबीकेयर ने अपने जेंटल बेबी वॉश के लिए 'पहले स्पर्श के लिए पहला भरोसा' नाम से नया अभियान शुरू किया है। यह अभियान नवजात शिशु के पहले स्नान और माता-पिता की शुरुआती चिंताओं पर केंद्रित है।

इसमें एक नई मां और नर्स के बीच बातचीत के जरिए शिशु की नाजुक त्वचा की देखभाल और सही उत्पाद चुनने का संदेश दिया गया है। कंपनी के अनुसार, जेंटल बेबी वॉश का फॉर्मूला साबुन-मुक्त और आंसू रहित है। इसमें पीएच 5.5 का संतुलन तथा हरी मूंग और चने जैसे प्राकृतिक अवयव शामिल हैं।



विकास अनुज्ञा निरस्त होने के बाद CGRERA की बड़ी कार्रवाई

रायपुर ■ दैनन्दिनी

छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण ने रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता, नियमों का पालन और घर एवं भूखंड खरीदारों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्रवाई की है। प्राधिकरण ने बिलासपुर जिले में स्थित रियल एस्टेट परियोजना 'सौराष्ट्र' की स्वीकृत विकास अनुज्ञा निरस्त होने के बाद परियोजना का रेरा पंजीयन भी निरस्त कर दिया है। यह कार्रवाई प्राधिकरण द्वारा स्वतः संज्ञान लेकर की गई है। प्राधिकरण से प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रमोटर नमन गोयल द्वारा विकसित की जा रही 'सौराष्ट्र' परियोजना बिलासपुर जिले के अग्रय नगर, वार्ड क्रमांक 12, खसरा नंबर 1551 में स्थित है। यह परियोजना CGRERA में पंजीयन क्रमांक PCGRERA16102500 1981 के अंतर्गत पंजीकृत थी।

परियोजना को संचालनालय, नगर तथा ग्राम निवेश, छत्तीसगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम, 1984 के नियम 25 के अंतर्गत विकास अनुज्ञा प्रदान की गई थी। संबंधित सक्षम प्राधिकारी द्वारा परियोजना की स्वीकृत विकास अनुमति निरस्त किए जाने के बाद CGRERA ने मामले को गंभीरता से लेते हुए स्वतः संज्ञान लिया और नियमानुसार कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ की। प्रकरण की समीक्षा के उपरांत प्राधिकरण ने 05 अक्टूबर 2026 को पारित आदेश में स्पष्ट किया कि सक्षम प्राधिकारी द्वारा विकास अनुज्ञा निरस्त किए जाने के कारण परियोजना का रेरा पंजीयन जारी रखना उचित नहीं है। इसी आधार पर प्राधिकरण ने 'सौराष्ट्र' परियोजना का पंजीयन निरस्त करने का निर्णय लिया।




छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी को जन्मदिन की बहुत बहुत बधाई...



- प्रतिमा पप्पू चंद्राकर
जनपद पंचायत अध्यक्ष, राजनांदगांव

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक ब्रजेश शुक्ला द्वारा खसरा नं. 317/4, सालासर ग्रीन्स के पीछे, सरोना रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित एवं दैनंदिनी प्रिन्टर्स, सरोना रायपुर से मुद्रित। संपादक- ब्रजेश शुक्ला, RNI-CHHHIN/2010/34274, फोन-0771-4059450, ई-मेल-mail2dainandini@gmail.com